








B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि - 30/08/24


## रिसाली निगम ब्रांड एंबेसडर के साथ चलाएगा जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के पान दुकान संचालक को अब से पीकदान रखना होगा। वहीं चाय व नास्ता ठेला लगाने वालों को डस्टबीन रखना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए आयुक्त मोनिका वर्मा ने छोटे-छोटे व्यापारियों को 7 दिन की मोहलत दी है।

शहर से रेड स्पॉट खत्म करने के लिए निगम आयुक्त गंभीर है। उन्होंने निगम क्षेत्र में संचालित पान दुकान संचालक को एक पीकदान रखने के निर्देश दिए है। साथ ही दुकान संचालक को पान दुकान के सामने पान मसाला और अन्य सामान के रैपर को रखने डस्टबीन भी रखना होगा। इसी तरह सभी गुमटी और नास्ता ठेला संचालक को डस्टबीन रखना अनिवार्य किया है। पान दुकान या फिर अन्य गुमटी ठेला के आस पास रेड स्पाट या फिर गंदगी मिलने पर उस दुकान संचालक से 500 रूपए फाइन लगाया जाएगा। आयुक्त ने बैठक में निर्देश दिए है कि मॉनिटरिंग जन स्वास्थ्य विभाग के सभी सुपरवाइजर करेंगे। बैठक में कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, एम.पी. देवांगन. सहायक अभियंता आर.के.जैन, उपअभियंता अखिलेश गुप्ता, नितिश अमन साहू, जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, पीआईयू आकाश मिश्रा, विजय कश्यप आदि उपस्थित थे।

### छोटे व्यापारियों को सात दिन तक सुविधा जुटाने की दी मोहलत

#### दोबारा गलती पर बढ़ेगी राशि

आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि स्वच्छता पहले पायदान पर होना चाहिए। पहली बार में डस्टबीन एवं पीकदान रखने की सलाह दे। पीकदान, बाल्टी या बड़ा गमला में रेत भरकर रखा जा सकता है। गंदगी मिलने पर पहली बार 500 और दूसरी बार में 1000 वसूल किया जाए। यह राशि हर निरीक्षण में दोगुना होती जाएगी।



#### ब्रांड एंबेसडर साथ मिलकर जागरुकता अभियान

आयुक्त ने आने वाले माह में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने इसके लिए निगम के ब्रांड एंबेसडर से सुझाव मांगा है। आयुक्त ने कहा है कि बेहतर सुझाव आने पर निगम बेहतर तरीके से अभियान का क्रियान्वयन करेगा।

## खबर संक्षेप

### क्लीनिक से मोबाइल पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** मोहन नगर थाना अंतर्गत रेलवे अंडर ब्रिज के पास स्थित एसआर गोदवानी क्लीनिक से मोबाइल चोरी हो गया। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 ए के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ताईशा गोदवानी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। उसने बताया कि वह पेश को चिकित्सक है। उसके पिता भी चिकित्सक हैं। उनकी अंडर ब्रिज के पास क्लीनिक है। 27 अगस्त की दोपहर 10 बजे वे क्लीनिक गए। उन्होंने लेने के लिए ताईशा दोपहर 12 बजे क्लीनिक पहुंची। तब उन्होंने बताया कि टेबल में रखा मोबाइल गायब है। इसके बाद ताईशा ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

### साक्षरता सप्ताह 1 से

**भिलाई।** देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन 1 से 8 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षा व साक्षरता पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। साक्षरता का समापन 8 सितंबर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से जीवन कौशल, व्यवसायिक कौशल व सतत शिक्षा पर जोर दिया गया है।

### कोहका व जुनवानी में बंटेंगे पीएम आवास

**भिलाई।** नपानि भिलाई क्षेत्रांतर्गत शासन की बहुत ही महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) किफायती आवास का आबंटन किया जाना है। जिसमें कोहका, जुनवानी व खम्हरिया में मोर मकान मोर आस घटक अंतर्गत वर्ष 2022-23 में जो आवेदक विधिवत आवेदन प्रस्तुत किये है। उनका पात्र सूची में नाम स्वीकृत किया गया है, जिसे निगम के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया गया है। पात्र हितग्राही जिनको सूचित किया गया वे निगम मुख्य कार्यालय के आवास योजना के काउंटर नं. 16 में उपस्थित होकर 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा अनिवार्य रूप से करें। साथ ही राशि जमा करने पश्चात सूचना पत्र की रसीद भी दी जायेगी। जिसे लेकर लॉटरी में उपस्थित होकर आवास आबंटन में शामिल होकर अपना मकान प्राप्त कर सकते है। प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन से कक्ष क्रमांक 16 मुख्य कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई में आकर संपर्क कर सकते है।

### इंजीनियरिंग कॉलेजों में दूसरी काउंसिलिंग पूरी, 9 सितंबर से प्रवेश होगा शुरू

## 26 निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में रूंगटा आर-1 कॉलेज की सीटें फुल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए चल रही काउंसलिंग के तहत तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने गुरुवार को द्वितीय चरण की सीटों का आवंटन जारी कर दिया। इस काउंसलिंग में प्रदेश के तीनों सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों और तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू की सभी सीटें फुल हो गई हैं। इसके अलावा निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों की सूची में सिर्फ भिलाई के रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज (संतोष रूंगटा ग्रुप ऑफ कॉलेज) की शतप्रतिशत सीटें अलॉट हुई हैं। द्वितीय चरण काउंसलिंग में रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज की 164 सीटें शामिल हुई थी, जिनमें सबसे पहले आवंटन हुआ। इस तरह अब रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज में एक भी सीट रिक्त नहीं है। कॉलेज की सभी 1458 सीटें अलॉट हो गई हैं।

बीआईटी व शंकरा कॉलेज में सीटें खाली



### एक दशक का सूखा खत्म

प्रदेश में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों का दौर वापस लौट आया है। ऐसा इसलिए क्योंकि कंप्यूटर साइंस, आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ साथ मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, टेलीकम्युनिकेशन और माइनिंग जैसी ब्रांच में भी शानदार एडमिशन हुए हैं। प्रदेश की इंजीनियरिंग शिक्षा के लिए प्रदेश के छात्रों ने भिलाई के कॉलेजों को प्रथम पायदान पर रखा है। इसके बाद रायपुर रहा। इस तरह पिछले एक दशक से वीरानी झेल रही इंजीनियरिंग शिक्षा में एक बार फिर रौनक लौट आई है।

### तीन सितंबर तक लेना होगा प्रवेश

जिन विद्यार्थियों को काउंसलिंग के द्वितीय चरण में सीट अलॉट हो गई हैं, अब उन्हें 30 अगस्त से 3 सितंबर के बीच कॉलेज पहुंचकर एडमिशन लेना होगा। इसके बाद तकनीकी शिक्षा संचालनालय संस्था स्तर पर प्रवेश 9 सितंबर से शुरू कराएगा। पंजीयन के लिए 9 और 10 सितंबर यानी सिर्फ दो दिन मिलेंगे। जो विद्यार्थी संस्था स्तर की काउंसलिंग में शामिल होंगे, उनकी मेरिट सूची का प्रकाशन 12 सितंबर को होगा। इसके बाद इन विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए सिर्फ एक दिन मिलेगा। 13 सितंबर को कॉलेज पहुंचकर एडमिशन पक्का करना होगा। वहीं अन्य विषयों के लिए यह तारीख 15 सितंबर तय की गई है। प्रदेश में 15 सितंबर के बाद तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश पूरी तरह से थम जाएंगे। ऐसे में जो छात्र एडमिशन लेने से चूक जाएंगे उनको अब सीधे अगले साल ही मौका मिल पाएगा।

### बीआईटी दूसरे स्थान पर, 10 सीटें खाली

रिकॉर्ड एडमिशन देने वाले निजी कॉलेजों में बीआईटी दुर्ग इस साल दूसरे स्थान पर आ गया है। यहां की 168 सीटें द्वितीय चरण की काउंसलिंग में शामिल की गई थीं, जिसमें अभी 10 सीटें रिक्त हैं। इसके अलावा शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रायपुर की कुल 590 में से 94 सीटें खाली रह गई हैं। रिक्त सीटों का सबसे बड़ा अंतर इस साल भिलाई स्थित शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस में आया है। इनकी कुल 1221 सीटों में से प्रथम चरण में 505 सीटों पर अलॉटमेंट हुए, जबकि द्वितीय चरण में 128 सीटें अलॉट हुईं। इस तरह शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस की सर्वाधिक 588 सीटें खाली रह गईं हैं।

### गुणवत्तायुक्त शिक्षा से सफलता मिली

इंजीनियरिंग की काउंसलिंग में रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज की सभी सीटें फुल हो गई हैं। इसके साथ ही भिलाई के कॉलेजों ने ही इस साल प्रवेश में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों को कॉलेज में मिलने वाली सुविधाओं और गुणवत्ता शिक्षा की वजह से यह मुमकिम हो पाया है।

**-सोनल रूंगटा,** डायरेक्टर, रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज

### घर में लगा था ताला, उठ रही थी बदबू

## विवाद के बाद घर पर मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन

रानीतराई थाना क्षेत्र के दरबार मोखली में घर में एक डी कम्पोज शव मिलने से सनसनी फैल गई। घर में ताला बंद था। शव से बदबू आने पर गांव वालों को इसकी भनक पड़ी। जिसके बाद कोटवार के माध्यम से इस घटना कि जानकारी पुलिस को हुई।

जानकारी के अनुसार ग्राम दरबार मोखली में घर के अंदर शव बरामद हुआ हैं। शव टिकेश्वर देशमुख (30वर्ष ) मरोदा का निवासी हैं। वह अपनी पत्नी अनीता देशमुख (28वर्ष)और सास भारती वर्मा (50 वर्ष )व बच्चों के साथ दरबारमोखली में रहता था। टिकेश्वर देशमुख का शव उसके घर में ही डी कम्पोज हालत में बरामद किया गया हैं। जानकारी के अनुसार इस घर में बाहर से ताला लगा था। घर में करीब तीन दिनों से कोई नहीं हैं। ताला लगाकर बाकी परिवार वाले कहीं चले गए हैं। घटना दो से तीन दिन पहले का अनुमान लगाया जा रहा हैं। शव से बदबू आने पर गांव के लोग भयभीत हुवे कि क्या हैं। इसकी सूचना गांव के कोटवार के द्वारा पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचे जहां ताला खोलकर जांच शुरू की। शव डी कम्पोज स्थिति में मिला। जिसका पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा गया। घटना स्थल पर फारेंसिक टीम भी पहुंची।



### दो दिन पहले हुआ था मृतक से विवाद

पुलिस के मुताबिक दो दिन दिन पहले मृतक का उसके सास के साथ विवाद होने की बात सामने आ रही हैं। जिसके बाद से परिवार के अन्य सदस्य घर में ताला लगाकर कहीं चले गये है। जानकारी के अनुसार मृतक के सास भारती वर्मा ने अपने भाई राम अवतार वर्मा को फोन के माध्यम से बताया कि घर में दामाद के साथ विवाद हो गया। जिससे उसको चोट आई हैं। जिसके इलाज के लिए कहीं आने कि बात कहीं। टिकेश्वर को भी चोट लगने कि बात बताई और कहा कि जाकर देख लेना कि उसका क्या हाल हैं। उसको भी इलाज के लिए ले जाना। जब वह आदमी यहां पहुंचा तो घर में ताला लगा हुआ था। किसी माध्यम से गांव के कोटवार के साथ जाकर देखा तो शव पड़ा हुआ मिला। पुलिस को घटना स्थल पर कुछ खून के धब्बे व खून लगा हुआ बोरा इस घटना स्थल के आसपास मिला है। पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई हैं।

### पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई

कोटवार के माध्यम से जानकारी पर घटना स्थल टीम पहुंची। शव डी कम्पोजड़ स्थिति में मिला हैं। शव को पीएम के लिए भेजा गया हैं। पीएम रिपोर्ट के अनुसार ही आगे कि कार्रवाई की जाएगी।

**-प्रकाश कांत,**टीआई रानीतराई

## सिंगलयूज प्लास्टिक व सड़ी-गली सामग्री बेचने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर निगम भिलाई के जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वाले, फल विक्रेताओ एवं होटल संचालकों दुकानदारों पर निगम की टीम ने की कार्यवाही। निगम क्षेत्र के वार्ड क्रं. 10 एवं 17 में जोन 01 की टीम द्वारा दुकानो का निरीक्षण करने पहुंची। वहां पर फल ठेला, मिठाई खादय पदार्थ बेचने वालो दुकानो पर जॉच किया गया। दुकानदारो द्वारा नगर निगम की टीम को देखते ही अपनी झिल्ली, पन्नी को छिपाने लगते है और इधर-उधर फेंक देते है। पूछने पे कहते है कि यह आखरी है, अब नहीं रखूगॉं। निगम की टीम जाते ही फिर से झिल्ली में रखके बेचने लगते है। जॉच में सिगल यूज प्लास्टिक रखने वाले दुकानदारो पर कार्यवाही करते हुए, सड़े गले फल विक्रेता एवं बासी

- 12800 रुपए का जुर्माना भिलाई निगम ने ठोंका

खादय पदार्थ विक्रेताओ से 12800 रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया। आयुक्त देवेश कुमार धुरव के निर्देश पर सभी जोन क्षेत्र में सिंगलयूज प्लास्टिक विक्रताओ पर कार्यवाही की जा रही है।

## सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर बखेड़ा, दो पक्षों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जामुल थाना अंतर्गत सुंदर विहार कॉलोनी में सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर उपजे विवाद में सिर फुटौवल के हालात बने। मामले में जामुल पुलिस ने दोनों पक्षों के 17 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 189 (2), 296, 351 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

पुलिस ने बताया कि पहली शिकायत पूनम शुक्ला ने की। उनके मुताबिक घटना शाम करीब 5.49 बजे की है। भूमि खसरा नंबर 1423 में कुछ लोग अवैध निर्माण का प्रयास कर रहे थे। इसका उन्होंने विरोध किया। इस बीच दीपक

- जामुल थाना क्षेत्र का मामला, घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव

मदान, विवेक शर्मा, दिलीप सिंह, आकाश सिंह, विवेक राजपूत, संतोष पिल्ले, उमाशंकर सहारे, राजेश ठावरे, डीआर जावरकर, लीला ताई, पंचकुल झरबड़े, रुखमणि वर्मा ने विवाद शुरू कर दिया। गाली गलौच करते हुए धक्का-मुक्की की। मारपीट का भी प्रयास किया। इधर इसी मामले में लीला जावरकर ने शिकायत दर्ज कराई है कि पूनल शुक्ला, उनके पति अभय, रीना जायसवाल, तपन भट्टाचार्य, राधेलाल साहू ने अवैध बाउंड्री है कहकर उसे नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। जब आपत्ति की गई तो, गाली गलौच करते हुए धक्कामुक्की और मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया है। विवेचना जारी है।

### नर्सिंग होम में घटनाओं को रोकने पुलिस और हेल्थ विभाग की बैठक

## हेल्थ सेंटरों में लगेंगे कैमरे और बढ़ाई जाएगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सरकारी और निजी अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक से लेकर अन्य हेल्थ सेंटरों में सुरक्षा बढ़ाने के विषय पर गुरुवार को जरूरी बैठक हुई। बैठक में पुलिस और हेल्थ विभाग के अधिकारी, अस्पतालों को प्रमुख शामिल हुए। इसमें निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य संस्थाओं में मान्यता प्राप्त सुरक्षा एजेंसियों के सुरक्षा कर्मियों को नियुक्त अनिवार्य की जाए। सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य होने के साथ ही हर जगह पर लगाए जाएं। अनावश्यक विचरण करने वालों पर प्रतिबंध लगाएं। ऐसे लोगों से सख्ती से निपटें। सुरक्षा कर्मियों का सत्यापन करें। पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में शाम 4 बजे यह बैठक हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, एएसपी अभिषेक झा, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी मौजूद थे।



### 24 घंटे रहेगी तैनाती, पुलिस व हेल्थ विभाग को देनी होगी जानकारी

अभिषेक झा ने उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि मान्यता प्राप्त सुरक्षा एजेंसियों के ही सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाए। नर्सिंग होम के मामले में 24 घंटे ड्यूटी पर सुरक्षा कर्मी रखे जाएं। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षा हेतु नियुक्त नहीं हो, यह सुनिश्चित करना संस्था की जिम्मेदारी होगी। पुलिस अधिकारियों के मोबाइल नम्बर एक बड़े बोर्ड में चस्पा करना होगा। ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनसे सम्पर्क किया जा सके। महिला संबंधी किसी भी प्रकार की घटना को अनदेखा न किया जाए। यदि ऐसी कोई घटना घटित होती है, तो तत्काल नजदीकी थाना में इसकी सूचना दें।

### सभी संवेदनशील जगहों पर कैमरे अनिवार्य

अभिषेक झा ने कहा कि अंदर एवं बाहरी परिसर के संवेदनशील स्थलों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। कैमरों की रिकार्डिंग का बैकअप रखें। इसका नियमित मेंटेनेंस कराएं। संवेदनशील एरिया में पर्याप्त प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो। जहां-जहां हॉस्टल संचालित है, वहां पर छात्राओं के आने-जाने का समय तय किया जाए। अनावश्यक हॉस्टल से बाहर न जाने दिया जाए। विशेषकर रात्रि के समय, हॉस्टल के आने-जाने वाले मार्ग, गेट में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए, जो सुचारू रूप से कार्य करें। आसपास ठेलों, खोमचे वालों के पास अनावश्यक भीड़ रहने पर इसकी सूचना नजदीकी थाना को दें।

### 100 से ज्यादा चिकित्सक व प्रतिनिधि हुए शामिल

शासन के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में 100 से ज्यादा चिकित्सक और संस्था के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों और लोगों की सूचना पुलिस थाने में दें। स्वास्थ्य संस्थाओं के पार्किंग ठेकेदारों, इनके प्रत्येक कर्मचारियों का भी पुलिस वेरिफिकेशन कराएं। डॉ. मनोज दानी ने कहा कि सुरक्षा की जवाबदारी पुलिस के साथ-साथ समाज एवं चिकित्सकों की भी है। इसके लिये सतर्कता और जागरूकता आवश्यक है। तभी हम घटना को रोकने में सफल होंगे।


सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री

916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

# प्रमोशन बाद संशोधन में घिरे जेडी मामले में 438 शिक्षकों में से 242 ने दिया बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिक्षक पदोन्नति के बाद कांग्रेस शासनकाल में किए गए मनमाने संसोधन मामले में घिरे तत्कालीन जेडी जीएस मरकाम के मामले में संभाग के 438 शिक्षको को बयान लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गुरूवार को जेडी कार्यालय दुर्ग में इस दौरान 242 शिक्षको का बयान लिया गया, वही शेष 184 शिक्षको को बयान लेना बाकी है।

उल्लेखनीय है कि, पिछले साल 2023 के स्कूली सत्र में संभाग के 1505 सहायक शिक्षकों को शिक्षक पद में पदोन्नति दिया गया था। जिसकें काउंसलिग भी हो चुकी थी। काउसिलिंग के बाद चयनित स्कूलों में संसोधन के मकसद से ज्वाइनिंग ही नही की थी। बाद में जेडी द्वारा संसोधन किया गया था। इसी बीच विषय की बाध्यता भी हटा दी गई थी। जिसका भी फायदा उठाया गया था। इस दौरान राज्य शासन से लेने देन कर संसोधन किए जाने की शिकायत की गई थी। जिस पर मुखर हुए राज्य शासन द्वारा जांच के आदेश दिए गए थे।

जांच में सामने आया कि दुर्ग जेडी जीएस मरकाम द्वारा संभाग में 438 शिक्षको का संसोधन किया गया था। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद राज्य शासन द्वारा जेडी को निलंबित कर दिया गया था। लेकिन इस मामले में विभागीय जांच चल रही थी। इसी के तहत गुरूवार को जेडी कार्यालय में संसोधित किए गए शिक्षको को बयान लेने बुलाया गया था। शिक्षको को एक प्रारूप देकर आठ बिन्दुओं में बयान लिया गया। जिसमें जेडी से व्यक्तिगत संबंध, संसोधन की प्रक्रिया से शिक्षको को अवगत होने से संबंधित बयान लिए गए।

### प्रमोशन के बाद चुपके से किया गया था संसोधन, बयान का सिलसिला

#### दुर्ग में भी जमकर मनमानी लेनदेने के आरोप

दुर्ग संभाग में काउंसिलिंग के बाद 1505 शिक्षकों की पदोन्नति की गई थी। जिसमें से 438 शिक्षकों का प्रमोशन संशोधन किया गया। दुर्ग में भी संशोधन के नाम पर पैसों की जमकर बंदरबांट हुई थी। कमिश्नर की रिपोर्ट में भी इस बात का खुलासा हुआ है कि, संशोधन के नाम पर भारी लेनदेन हुई। इसे लेकर प्रदेशभर में खलबली मची रही। इस मसले की आग न सिर्फ दुर्ग, बल्कि रायपुर, सरगुजा व बिलासपुर संभाग तक फेली थी।



#### बयान को लेकर तरह तरह की चर्चाएं

जेडी कार्यालय में पहले गुरूवार को लिए गए बयान को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही थी। एकतरफ जहां अधिकारी बयान के बिन्दु को सार्वजनिक करने से बच रहे थे। वही दूसरी तरफ कक्षा में बच्चो को जिस तरह से एक साथ बैठाया जाता है। बयान भी एक प्रारूप देकर लिया गया। जिसे लेकर चर्चाएं होती रही। पहले दिन 242 शिक्षको के बयान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई, वही शुक्रवार को शेष शिक्षको का बयान लिया जाना है। जिसमें राजनांदगांव, बेमेतरा, मानपुर मोहला और कवर्धा के शिक्षक शामिल है। सहायक संचालक व रिपोर्ट प्रस्तुतकर्ता अधिकारी केके शुक्ला ने बताया कि, गुरूवार को बालोद के 90 और दुर्ग के 164 शिक्षको ने ही बयान दिया है। पहले दिन 438 में 254 को बुलाया गया था। लेकिन आए सिर्फ 242 शिक्षक थे। शेष का बयान दूसरे दिन लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 13 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामग्री की उपलब्धता में सहायता के दृष्टिकोण से प्रत्येक कलस्टर में 'आवास मित्र/समर्पित मानव संसाधन के चयन हेतु जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय में 13 सितम्बर 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। कार्यालय जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से 13 सितम्बर 2024 तक प्रस्तुत करना होगा। योजनांतर्गत 'आवास मित्र/समर्पित मानव संसाधन' के चयन हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी तथा आवेदन पत्र प्रारूप जिला दुर्ग के वेबसाईट https://durg.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

### दुर्घटना में परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर 3 लाख 75 हजार रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेलगुपारा म.न. 120, टंकी मरोदा भिलाई जिला दुर्ग निवासी अरशदीप की विगत 12 दिसम्बर 2022 को एवं ग्राम बोरीगारका थाना उतई जिला दुर्ग निवासी चंदन कुमार की विगत 12 मई 2022 को 'टक्कर मारो और भाग जाओ' वाहन दुर्घटना के चलते मृत्यु हो गई थी। उक्त घटना में मृतक अरशदीप के विधिक प्रतिनिधि परमजीत सिंग को प्रतिकर राशि एक लाख 75 हजार रूपए एवं मृतक चंदन कुमार के विधिक प्रतिनिधि धनेश कुमार को कलेक्टर द्वारा दो लाख रूपए प्रतिकर के रूप में आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### विभाग ने एक भी निजी दुकान से नहीं लिया कीटनाशक के नमूने

# निजी दुकानों में छापामारी से परहेज सहकारी में जांच कर खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में रसायनिक उर्वरक, कीटनाशक और बीज बेचने वाले करीब 923 निजी दुकान है, इसमें कृषि विभाग के अधिकारी सिर्फ 158 दुकानों में जांच किए है। जबकि सहकारी समितियों के 248 दुकान में रिकार्ड 253 दुकानों में धडाधड जांच की गई है। सवाल उठता है कि, आखिर कृषि महकमे निजी दुकानों से कार्यवाही से परहेज करती हैं, वही सोसायटी समिति जो पहले ही जिला सहकारी बैंक के अधीन है, यहां रिकार्डतोड कार्यवाही कर अपने टारगेट को पूरा करने खानापूर्ति की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि, खरीफ सीजन में हर साल कृषि विभाग द्वारा जिले के कीटनाशक, उर्वरक, बीज बेचने वाले निजी व सहकारी संस्थानों की जांच करती है। जांच के दौरान इन संस्थानों से सैंपल भी लिया जाता है, ताकि किसानों द्वारा इसका उपयोग करने पर फसल नुकसान न हो और गुणवत्ता की जांच हो सके। लेकिन कृषि महकमा के आंकडे ने ही सवाल उठा दिया है। विभाग ने निजी दुकानों में यहां तक के आधे से भी बेहद कम दुकानों में पहुंच पाई है। ऐसे में इस बात का दावा कैसे किया जाए कि किसानों को बेचने जाने वाले सामग्रियों को शत प्रतिशत जांच हो गई है। हांलाकि विभाग की सक्रियता सहकारी सोसायटियों में अधिक रही है। यहां से जांच कर उन्होने टारगेट जरूर पूरा कर लिया है। जिले में रसायनिक उर्वरक, जैव कार्बनिक उर्वरक, बीज व कीटनाशक के 248 समिति है, जिसमें विभाग ने इससे ज्यादा 253 का निरिक्षण किया है।

### दुकानों में जांच के बजाय सैंपल लेकर ही कर रहे खानापूर्ति



#### परिणाम आने तक फसल की कटाई

जानकारी अनुसार हर साल खरीफ सीजन में कृषि विभाग द्वारा दुकानों से तय टारगेट के अनुसार सैंपल लिया जाता है। लेकिन परिणाम नही आने के चलते फसल की कट जाता है। ऐसे में दवा और उर्वरको के नुकसान से किसानों को बचाने संभव ही नही है। जानकारी अनुसार रसासनिक उर्वरक, जैव उर्वरक, कार्बनिक उर्वरक, बीज और कीटनाशक के विभाग को 641 नमूना लेना था। जिसमें बढकर 697 नमूने लिए गए है। इतने ही प्रयोगशाला भेजे गए थे। जिसमें 589 की रिपोर्ट मानक और दस रिपोर्ट में अमानक बीज के आठ, दो जैव उर्वरक के अमानक मिले है। जबकि 93 रिपोर्ट मिले ही नही है और किसानों ने फसल में इसका उपयोग भी कर लिया है।

#### सैंपल आ रहा

सैंपल जांच के अनुसार मिलता जा रहा है। निजी और सहकारी दोनों में कार्यवाही किया जा रहा है। सैंपल और जांच का दायरा तेज किया जाएगा।

**-ललित मोहन भगत**
डीडीए, दुर्ग

#### जबकि निजी में बिकती है दवा

सोसायटी संस्था में सिर्फ 22 ने कीटनाशक दवा बेचने लाइसेंस लिया है। लेकिन इसमें एक भी दुकान में जांच नही हुई है। जबकि निजी में कीटनाशक दवा बेचने 461 दुकाने है, लेकिन यहां सिर्फ 18 में ही जांच की गई है। इस तरह निजी दुकानों में निरिक्षण से अफसरों का परहेज समझ से परे हैं। समितियों में सिर्फ खाद बेचा जाता है। जबकि निजी दुकानों में कीटनाशक से लेकर खाद भी बेचे जाते है। जांच में सिर्फ दो निजी संस्थानों को नोटिस दिया गया है। कीटनाशक का सहकारी और निजी मिलाकर 56 नमूने लेने थे, जिसमें सहकारी से एक भी नही और निजी से 16 नमूने लिए गए है। इसमें से 11 सैंपल मिले और 5 का रिपोर्ट ही नही आया है।

### कांग्रेसियों ने की जमकर नारेबाजी

# पुलिस को चकमा देकर गृहमंत्री का फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पुलिस द्वारा 150 लोगों पर एफआईआर दर्ज और लाठीचार्ज किए जाने के मामले में आक्रोशित कांग्रेसियों ने गुरूवार को मुख्यालय के सामने गृहमंत्री का पूतला दहन कर दिया। पटेल चौक में पुलिस प्वांट बनाकर खडी थी। लेकिन कांग्रेसी पोस्ट आफिस के सामने अचानक पुतला लेकर आए और उसे आग के हवाले कर दिया।

मौके पर पहुंचते तक पुतला जल चुका था। पुतला दहन के बाद कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी भी की है। मुख्यमंत्री विष्णू देव साय एवं गृहमंत्री विजय शर्मा का काँग्रेसियों ने फुका पूतला, जहां जमकर नारेबाजी भी की गई। प्रदेश काँग्रेस कमेटी के आदेशानुसार एवं दुर्ग शहर जिला काँग्रेस कमेटी के नेतृत्व आज पटेल चौक पर मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री का पुतला फूंका गया। भिलाई तीन थाने में विगत दिनों सैकडों कांग्रेसियों की खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। कांग्रेसियों ने इस दमनांत्सक कारवाही एवं लाठी चार्ज व 150 से अधिक काँग्रेसजनो पर दर्ज एफआईआर के विरोध पर प्रदर्शन एवं पुतला फूंका गया।

जिसमे आरएन वर्मा, शहर अध्यक्ष गया पटेल, महिला अध्यक्ष कन्या ढिमर, ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार पाली, अनुप वर्मा, शसांक सन्नी साहू, नासिर खोखर, सुशील भारद्वाज, ब्रिज मोहन तिवारी, मोहित वालदे, ललित ढिमर, आनंद कपूर ताम्रकार, निखिल खिचारिया, अनुप चंदनिया, अश्वनी जांगड़े, मीना मानिकपूरी, सरिता ताम्रकार, गौरव उमरे, आदित्य नारंग, हरीश साहू, सुनीत घोष, एनी पीटर, मीना पॉल, स्वासवत, राहुल गोस्वामी, संतोष सोनी, शशिरकांत कसार, प्रीतम देशमुख लक्ष्मण चंदनिया, चिराग शर्मा, इंदरपाल सिंग भाटिया, केडी देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

■ देखते रह गया पुलिस बल

### सहायक कलेक्टर को धमधा व जिपं में किया संलग्न

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ वर्ष 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी एम भार्गव (भा.प्र.से.) सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सहायक कलेक्टर भार्गव (भा.प्र.से.) को 02 सितम्बर से 15 सितम्बर 2024 तक दो सप्ताह की अवधि के लिए प्रशिक्षण अभ्यास हेतु जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी में संलग्न किया गया है।

# धमधा नाक व सिकोला से ठेले गुमटी को जेसीबी से हटाया

### दोबरा सड़क क्षेत्र में गुमटी लगाने पर दी जब्त की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




गुरुवार की शाम को नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड क. 15. धमधा नाका रोड, सिकोला में कब्जाधारी चमन वर्मा, पिता प्रकाश वर्मा द्वारा सड़क क्षेत्र में गुमटी लगाकर व्यवसाय करते हुए अतिक्रमण कर कब्जा किया गया था। जिससे सड़क क्षेत्र एवं आवाजाही बाधित हो रही है। अनावेदक द्वारा काबिज भूमि के आबंटन के संबंध में न्यायालय तहसीलदार दुर्ग का आदेश 22 दिसम्बर. 23 राप्रके अ-74/21-22 के तहत भूमि आबंटन की मांग को खारिज किया जा चुका है। जिसको आज नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर भवन निरीक्षण विनोद मांझी, भवन, निरीक्षक करण यादव के नेतृत्व में निगम अतिक्रमण अमला एवं मोहन नगर पुलिस बल की मौजूदगी में सड़क क्षेत्र में गुमटी लगाकर आवाजाही बाधित को कब्जा को हटाकर कब्जा मुक्त किया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण के मार्क्स के हिसाब से भिलाई को नंबर वन लाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में तीसरा फेस स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर समीक्षा बैठक बुलाई गई। भिलाई के सभी वार्डो में साफ-सफाई को विशेष ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जाना है। इसके लिए वार्ड अनुसार नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। प्रत्येक जोन में स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु जोन स्तर पर भी नोडल अधिकारी नियुक्त किये है। प्रत्येक जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के सुपरवाइजर, स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए दिये गये मापदण्डो के अनुरूप कार्य करवायेगें। स्वास्थ्य अधिकारी सभी को मॉनिटरिंग करेगें, प्रत्येक गतिविधियो की रिपोर्ट आयुक्त को देगें।

#### इस तरह अंक निर्धारित किए हैं शासन ने

भिलाई को नम्बर 1 बनाने के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण में विभिन्न प्रकार के स्वच्छता गतिविधियों से ही नम्बर 1 बनाया जा सकता है। प्रत्येक गतिविधि के लिए अलग-अलग मार्किग शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। सिटीजन फिट बैक में 600 का मार्क है, ब्राण्ड एमबेसडर में 30 का मार्क है। शहर में पुरूष एवं महिलाओ द्वारा स्वच्छता क्षेत्र में किये गये अच्छे कार्यो के लिए स्वच्छता चैम्पियन में 25 मार्क, हाउसिंग एवं अर्बन एफियर्स में चलाये गये कैपेन में 100 मार्क, सिंगलयुज प्लास्टिक अभियान में 50 मार्क। ऑन साइड वेट वेस्ट प्रोसेसिंग होम कम्पोस्टिग में 70 मार्क। शिकायतों का निराकरण स्वच्छता एप एवं लोकल एप में 100 मार्क। प्रति माह सफाई के पैमाने पर वार्डो की रैकिंग स्वच्छ वार्ड रैकिंग 320 मार्क। इस प्रकार सफाई के विभिन्न गतिविधियों पर स्वच्छ सर्वेक्षण में मार्किग होगा।

#### समंवय बनाकर कार्य करने पर जोर

स्वच्छ सर्वेक्षण के अतिरिकत विभिन्न शिकायतों का निराकरण, राजस्व वसूली, अवैध कब्जा रिक्त, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, निर्माण, मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु किये जा रहे उपायों आदि के बारे में समीक्षा की गई। आयुक्त ने सभी अधिकारी कर्मचारियो से समन्वय बनाकर मिलकर कार्य करने को कहा। प्रत्येक कार्य के लिए जनप्रतिनिधियो, वार्ड पार्षदगण, वरिष्ठ नागरिक, स्व सहायता समूह के सदस्यो, मितानीनो, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चेम्बर के पदाधिकारियो, गणमान्य नागरिकों आदि सभी से सहयोग लेना है। सबके संयुक्त प्रयास एवं सुझाव से ही अपने भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण में अग्रणी बना सकते है। बैठक में अपर आयुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के सहायक राजस्व एवं स्वच्छता अधिकारी आदि उपस्थित थे।


## बिजनेस साइट

### बेटी बचाव मंच ने कृषि यंत्र की डिलेवरी प्रदान की

**भिलाई।** बेटी बचाव मंच भूण हत्या एवं कन्याओं व युवतियों की रक्षा के लिए समय-समय पर अनेक कार्य कर कर अपना सामाजिक उत्तरदायित्व निभा कर शहर में कन्याओं व युवतियों के मानसिकता एवं आत्मविश्वास में बढ़ोतरी लाकर उनके जीवकोपार्जन ही नहीं अपितु मंच के द्वारा पुरुषों के समकक्ष कदम से कदम मिलाकर चलने एवं स्वाभिमान से जीने हेतु कृत संकल्पित कार्य कर रहे है। उसी दिशा में आज बेटी बचाव मंच की अध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ कमला मोटर्स में मिनी सेल्फ प्रपोलड कम्बाइन हार्वेसटर मशीन पनेसर जी-60 एस की डिलेवरी प्रदान कर पूरे नारी समाज को गौरान्वित किया है। यू तो आज पूरे देश जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मानते है लेकिन कृषक सोहनदास जागड़े ने अपने पुत्र नमन जागड़े का भी जन्मदिवस होने के उपलक्ष्य में खेती कार्य में उपयुक्त बहुफमलीय सेल्फ प्रफोल्ड मिनी कम्बाइन हार्वेस्टिंग मशीन पनेसर जी-60एस की खरीददारी करने का निर्णय लिया पनेसर जी-60एस कम डीजल खपत पर भी अधिक लाभकारी कटाईं कर कृषकों को समृद्ध बनाकर पूरे देश के कृषकों की पहली पसंद बनी हुई है। मशीन की डिलीवरी प्रदान करते हुए बेटी बचाव मंच की जिला अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल ,जिला महासचिव ममता गोयल , शहर महासचिव अवनी अग्रवाल, इनाया अग्रवाल एवं कमला मोटर्स के शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, स्वागतकर्ता नंदिता सवांत , प्रशिक्षु यश पारख , परफेक्ट हाउस प्रा.लि. के प्रांतीय आधिकारी नीरज सारथी ऋण प्रदाता श्रीराम फायनेन्स लिमिटेड दुर्ग शाखा के शाखा प्रबंधक तरुण कुमार , ब्रांच टीम लीडर सुमित सिंह यंत्र ग्रहण करते हुए सोहनदास जागड़े , नमन जागड़े ,कुंदन सिरमोर , सेवक जागड़े, नयनदास , लोमनदास आदि मौजूद थे।






### बीएम कॉलेज और बीएम आईटीआई दुर्ग में प्रवेश प्रारंभ

**भिलाई।** बीएम कॉलेज गोकुल नगर, पुलगांव दुर्ग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए एवं बीएड. कोर्स संचालित है। बीएड के लिए कॉलेज कोड-114336 है। बीएड प्रवेश की प्रक्रिया काउंसलिंग के द्वारा होगी। संस्था में उपलब्ध सुविधाएं एसी लैब, क्लासरूम एवं वाई -फाई कैंपस। संस्था का विगत वर्षो का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। बीएम कॉलेज की स्थापना सन 2008 में हुई है। बीएम प्राइवेट आईटीआई, एनसीवीटी दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत ट्रेड- कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडसट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर एवं स्टेनो हिंदी कोर्स संचालित है I फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडसट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट की डिमांड नगर-निगम, रेलवे तथा बड़े-बड़े मॉल्स, हॉस्पिटल, रिफाइनरी फैक्ट्री तथा अन्य एवं हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर की डिमांड नगर निगम तथा रेलवे डिपार्टमेंट में है। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के बजट के अनुसार राज्य के 10 जिलों में फायर स्टेशन की स्थापना होना है जिसमें दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर जिला भी शामिल है। संस्था द्वारा आरक्षित वर्ग हेतु छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। छात्र अपनी सुविधानुसार ट्यूशन फीस को किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में आकर प्रवेश ले सकते हैं। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य ने दिया।





### जिपं सीईओ द्वारा दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारियां

# सोलर सिस्टम लगाने पर 1 हजार मिलेगी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जनपद सीईओ, परियोजना अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की जानकारी दी गई।

उन्होंने अधिकारियों को बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना 2024 का प्राथमिक उद्देश्य सौर ऊर्जा का उपयोग करके घरों को सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा प्रदान करना है। इस पहल के माध्यम से सरकार पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देते हुए नागरिकों पर बिजली बिलों के वित्तीय बोझ को कम करने की योजना बना रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ व जागरूक करने कहा। साथ ही पीएम-सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के संबंध में छत पर सौर प्रणाली की स्थापना के माध्यम से 300 यूनिट तक मुक्त बिजली प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के मापदंडों के अनुसार पंचायतों ग्रामीण परिवार में रूफ-टॉफ सोलर सिस्टम की स्थापना पर राशि 1000 प्रोत्साहन के रूप से प्रदान करने हेतु कहा गया।

साथ ही अंत्योदय मिशन सर्वे हेतु घरों में लक्ष्य निर्धारित किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य 15वें वित्त समग्र, जिला, जनपद पंचायत निधि के निर्माण कार्यो को जनपद पंचायत स्तर में सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बैठक आयोजन कर पंचायत सचिव को निर्माण कार्य पूर्ण करने व योजना की अतिरिक्त कार्ययोजना तैयार करने कहा। पीएम सूर्य घर पोर्टल पर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक रजिस्टेशन किया जाए।




#### खेलकूद संसाधन उपलब्ध कराने कहा

लखपति दीदी की दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में दीदीयों की आजीविका में वृद्धि करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने कहा गया। लखपति दीदीयों को बैंक लिंकेज के आधार पर आजीविका वृद्धि हेतु प्रशिक्षण से जोड़ने कहा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को प्रोत्साहन हेतु खेलकुद के संसाधन उपलब्ध कराने व बच्चों के उपयुक्त व्यवस्था करने कहा गया। साथ ही स्कूलों में आवश्यक संसाधन रख-रखाव व बच्चों को रूचि अनुसार खेल प्रसंकारण की जानकारी देने के निर्देशित किया।

#### पीएम सूर्यघर में प्रचार की कमी

पीएम सूर्य घर पोर्टल पर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक रजिस्टेशन किया जाने कहा जा रहा है। यह योजना बेहद कारगार साबित होगी। लेकिन इस योजना को लेकर प्रचार प्रसार नही किया जा रहा है। अब तक यह स्पष्ट नही है कि, लोग कैसे आवेदन करेगें। वही कौन से विभाग में आवेदन लिया जाएगा। इसे लेकर प्रशासन को भी जानकारी नही है। जबकि इन दिनों बाहर की कंपनी द्वारा अपने स्तर पर सीधे हितग्राही से मिलकर यूनिट लगा रहे है।

## खबर संक्षेप

### मुकेश बने पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष



**अंडा।** ग्राम खप्परवाड़ा निवासी मुकेश चंद्राकर को बालोद जिला का पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर रायपुर ने सभी समाज प्रमुखों के द्वारा मुकेश चंद्राकर के संबंध में की गई प्रशंसा के आधार पर की है। इन्हें अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग में जागरण अभियान चलाकर सभी को एकाकृत कर संगठन में स्थान देकर जिला संगठन का विस्तार करने का भी अधिकार दिया गया है। नियुक्ति की प्रति सूचनार्थ मुख्यमंत्री विष्णु के साय क्षेत्रीय सांसद भोजराम नाग, विधायक कुंवर सिंह निषाद, विधायक संगीता सिंहा, पूर्व मंत्री विधायक अनिला भेड़िया को भी प्रेषित की गई है।

### 7 को विराजेंगे विघ्नहर्ता



**अंडा।** अंचल में गणेश उत्सव को लेकर मूर्तिकार गणेश की मूर्तियां बनाने की शुरूआत महीनों पहले से कर चुके हैं। अब इनको अंतिम रूप देने में जुटे हैं। यही, नहीं, पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए भी प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। जिले के मिट्टी कलाकारों को अन्य जिले से भी आर्डर मिल रहे हैं। वहीं गणेशोत्सव समितियों के द्वारा भी आर्डर दिए जा रहे हैं। दुर्ग ग्रामीण में जगह-जगह मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। 200 रुपए से लेकर 25 हजार रुपए तक की मूर्तियां बनाई जा रही हैं।
उल्लेख हो की ग्राम कुथरेल निवासी युवा उमेश साहू मूर्तिकार लगभग लगभग 15 वर्षों से अपनी कला का प्रतिभा निखार रहा है साथ ही अपने साथ कई युवाओं को मूर्ति बनाने का काम भी सिखाया जा रहा है। भगवान गणेश की मूर्ति के साथ साथ माँ दुर्गा, विश्कर्मा, कृष्ण, शंकर सहित अन्य मुर्तियां बनाई जाती है।

### तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव की आभार बैठक पतोरा में हुई

# 1 सितंबर को पाटन में होगा तीज मिलन 98 इकाइयों की महिलाएं लेंगी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

तहसील साहू संघ पाटन की आभार बैठक मंगलवार को ग्राम पतोरा में आयोजित की गई। बैठक की शुरुवात समाज की अधिष्ठात्री भक्त माता कर्मा की आरती के साथ हुआ। सामूहिक आदर्श विवाह एवं विशाल कर्मा महोत्सव 2024 ग्राम पतोरा के सफल आयोजन के लिए स्थानीय साहू समाज पतोरा के समस्त परिवार को तहसील साहू संघ पाटन द्वारा आभार व्यक्त करते धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा कि 22 वें वर्ष के आयोजन को सफल बनाने में पाटन तहसील के 98 इकाई एवं ग्राम स्थानीय




साहू समाज पतोरा के सभी परिवार महती भूमिका रहा। आप सभी ने आयोजन को सफल बनाने हर संभव अपना योगदान दिया। जिसके लिए तहसील साहू संघ पाटन आपका आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते है। तहसील साहू संघ पाटन समाज में महिलाओं की भागीदारी एवं उन्हे मुख्य धारा में काम करने की प्रेरणा के लिए महिला सम्मलेन तीज मिलन का आयोजन कर एक मंच में लाने एवं युवाओं को समाज की मुख्यधारा एवं उन्हे समाज की रीति नीति को समझाने के लिए युवा सम्मेलन के माध्यम से जोड़ने प्रयासरत है। पूर्व अध्यक्ष अश्वनी साहू ने कहा की जिस तरह आप लोगों ने अपने गांव में हुए आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई उसी उत्साह के साथ समाज के प्रत्येक आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### दुर्ग ग्रामीण अंतर्गत 119 छात्राओं को विधायक ललित ने योजना के तहत दी साइकिल

# छात्राओं को स्कूल आने-जाने में होगी सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सरस्वती साइकिल योजना के तहत स्कूलों में छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के द्वारा बुधवार को सरस्वती सायकल योजना के तहत दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत गनियारी, रसमडा , बोरई , नागपुरा में नवमीं कक्षा के छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। चंद्राकर ने कहा कि छात्राओं को अब स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी। इससे बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू , नंदू निर्मलकार,चेतन साहू, अधीन पारकर,भागवत ममता साहू रसमडा सरपंच ,चमन यादव विधायक प्रतिनिधि,रसमड़ा विद्यालय के प्राचार्य एम एल चंदेल आदि मौजूद थे।

- सरस्वती साइकिल योजना के तहत वितरण
- बालिकाओं को शिक्षा में मिलेगी सहूलियत

### कुगदा स्कूल में अंतरिक्ष यान के मॉडल की लगाई प्रदर्शिनी



**कुम्हारी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुगदा में मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं के 39 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। साथ ही राष्ट्रीय अंतरिक्ष यान दिवस के अवसर पर बच्चों ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के भाषण को भी सुना। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाये हुए अंतरिक्ष यान के मॉडल की प्रदर्शिनी भी लगाई गई। इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि माखन लाल कोसरिया, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्षा डॉ पूर्णिमा धीवर , राजमहंत ओंकार प्रसाद मारकन्डे पार्षद व जिलामहामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा जिला भिलाई भाजपा, प्राचार्य सोमेन कुन्डू , प्रधान पाठक कौशलेंद्र भारद्वाज ,सीपी देवांगन शिक्षक पालकों में रमा मिश्रा, दिलेश्वर मारकंडे, सेजूदास बंजारे एवं त्रिलोचन सोनवानी आदि उपस्थित थे।

### जामगांव आर में 37 छात्राओं को मिली साइकिल




**जामगांव आर।** सरस्वती निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जामगांव आर सत्र 2024-25 में अध्यनरत कक्षा 9वीं के 37 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। नरेश केला अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जामगांव आर ,सरपंच राजकुमार ठाकुर जामगांव आर, मुकेश साहू शाला सांसद प्रतिनिधि जामगांव आर, अंगेश्वर साहू उपाध्यक्ष भाजपा दक्षिण पाटन मंडल , मुकेश शुक्ला, रोमन सिंह साहू सेवानिवृत्ति व्याख्याता तथा पालक उपस्थित थे। प्राचार्य राजेश पिल्लई ने बालिकाओं को बधाई दी। सरस्वती निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना के प्रभारी शिक्षक किशोर कुमार साहू, डीके साहू ,ताम्रध्वज बंजारे, विनीता सुधीर, सरजू राम ठाकुर ,ललिता देवांगन ,सुश्रीदीप्ति प्रधान, नीलकंठ धीवर ,गौरव मिथिलेश, डोमन लाल साहू एवं सुदर्शन लाल चंदेल उपस्थित थे।

### विनायकपुर में विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में विधायक ललित चन्द्राकर ने अपनी प्रतिनिधि नियुक्ति किया गया है। मोतीलाल मार्कण्डेय को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर का अध्यक्ष बनाया गया है। साथ में साहित्यिक देवांगन, जगन्नाथ देवांगन, लक्ष्मी साहू,डोमन देवांगन को सदस्य बनाया गया है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में इन्द्राणी दिल्लीवार को विधायक प्रतिनिधि एवं पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में डा.भूषण दिल्लीवार को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।इस नियुक्ति पर विधायक जी का आभार व्यक्त किया गया है।इस नियुक्ति पर बधाई देने गांव की सरपंच श्रीमती ललिता भूषण गजपाल, त्रेता चन्द्राकर, तारकेश्वर चन्द्राकर स्मृति सोनी अध्यक्ष,भामिनी राज महार अध्यक्ष, ललित बाई साहू, गोदावरी देवांगन आदि है।

## अंचल की खबरें

### शा. कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस




**अंडा।** शासकीय नवीन कॉलेज बोरी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर के मार्गदर्शन में भूगोल विभाग द्वारा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। संचालन भूगोल विभाग प्रमुख भागवत कुर्रे ने किया। श्री कुर्रे ने बताया कि देश के अंतरिक्ष मिशनों की शानदार उपलब्धियों को उजागर करने के लिए भारत सरकार ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया है। भूगोल विषय के अध्ययन के साथ रिमोट सेंसिंग के अध्ययन के माध्यम से आप भी अपना भविष्य इन क्षेत्रों में बना सकते। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमरनाथ शर्मा ने बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में छात्र-छात्राएं आगे बढ़कर इन्हीं क्षेत्रों में अपनी सेवा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

### उतई में भाजपा मंडल स्तरीय कार्यशाला



**उतई।** भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के अंतर्गत प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान पर मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन अटल समरसता भवन खोपली में किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, प्रीतपाल बेलचंदन, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, जिला मंत्री रोहित साहू, मंडल प्रभारी दिलीप साहू, भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, सोनू राजपूत, पुकेश चंद्राकर, फलेंद्र सिंह राजपूत, चंदु देवांगन, करण सेन, शीतला ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मर्रा में शाला विकास समिति का हुआ गठन



**पाटन।** समीपस्थ ग्राम मर्रा स्थित ब्रिटिस काल से प्रारंभ मर्रा हाईस्कूल जिसे अब स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी उत्कृष्ट माध्यम मर्रा के नाम से जाना जाता है। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति का गठन जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा नियुक्त अध्यक्ष खिलेश वर्मा द्वारा किया गया है। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिलेश वर्मा ने सूची जारी करते हुए अन्य औपचाकरिक प्रक्रिया को पूर्ण करने सूची प्राचार्य को सौंप दिया है। सचिव प्राचार्य डीपी साहू प्राचार्य, कोषाध्यक्ष जीएल कोसरे , सदस्य सरपंच पालेश्वर सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक मर्रा लाला राम वर्मा, तवरेज खान, उपसरपंच तोपेंद्र वर्मा, पुष्पेंद्र बंछोर, महेश लहरी, गीता बाई देवांगन एवं शाला में कार्यरत विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ एन. झंवर, जीपी नायर, एसके पांडेय, एसके यादव, आईके साहू को मनोनित किया गया है।

### निबंध स्पर्धा रेशमा प्रथम व पायल द्वितीय



**अंडा।** शाउमा शाला अंजोरा (ख) दुर्ग में टाटा बिल्डिंग इंडिया द्वारा स्मार्ट भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान कक्षा 11वीं रेशमा साहू, द्वितीय स्थान कक्षा 11वीं पायल यादव व तृतीय स्थान कक्षा 12वीं विक्की देशमुख थे। प्रभारी शिक्षक शिवनारायण देवांगन ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में बहुत से विद्यार्थियों ने जिसमें कक्षा 12वीं से भारती साहू, माधव राम साहू, सुरभि साहू, रूपाली साहू, करूणा साहू, रेणुका सिन्हा, अंजली सिंह कक्षा 11वीं से तेजस्वी साहू, गौरी कुशवाहा, नेहा साहू, दानेश्वर साहू, सुनीता साहू, सुबंध, विकास कक्षा 9वीं से सेजल साहू, साक्षी निषाद, भूपेंद्र सेन, दौलत साहू, करूणा निषाद, चंचल साहू, जया देशमुख, गुंजल यादव, सोनिया साहू, यागिनी साहू, प्रिया साहू आदि का निबंध भी बहुत ही सराहनीय रहा। शाला के प्राचार्य होरीलाल चतुर्वेदी ने कहा कि इसी तरह निरंतर हर गतिविधियों में भाग लेकर अपना एवं शाला का नाम रोशन करते रहना। इस अवसर पर व्याख्याता शिवनारायण देवांगन, खुशबू जैमिनी, ममता देवांगन, सरस्वती श्रीवास्तव, अंजुलता त्रिपाठी, उमा राठौड़, मनोज कुमार गुप्ता, शारदा साहू, भिनेश्वरी साहू, व्यायाम शिक्षक सुभाषिनी ऐलन, सहा.शिक्षक विज्ञान अभिलाषा साहू, मीना रावटे, आकाश दुबे, स्टाफ फगनी निषाद, स्वाती शर्मा व चमेली साहू आदि मौजूद थे।

### विवेक बने स्ट्रांग मेन ऑफ द ईयर




**कुम्हारी।** विगत दिनों स्वामी विवेकानंद भवन दुर्ग में राज्य बेंचप्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जय हनुमान व्यायामशाला के खिलाड़ियों ने अपना वर्चस्व कायम रखा। प्रतियोगिता में मनोज कुमार सोनकर (मोंचू ) 66 किलो वर्ग कैटेगरी में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। वहीं विवेक शाह ने 74 किलो वर्ग कैटेगरी में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके अलावा नितिन साहू ने 93 किलो वर्ग कैटेगरी में स्वर्ग पदक पर कब्जा किया। साथ ही प्रवीण सतनाकर मास्टर कैटेगरी में रजत पदक प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में विवेक शाह ने अपने वर्ग कैटेगरी में स्ट्रांग मैन ऑफ द ईयर का भी खिताब जीता। जय हनुमान जिम के पावरलिफ्टिंग और बॉडीबिल्डिंग के कोच पूर्व मिस्टर छत्तीसगढ़ प्रदीप झा ने इस सफलता के पीछे खिलाड़ियों की अथक मेहनत, लगन और प्रयास बताया और भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में और भी अच्छा करने की बात कही। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का चयन 14 से 18 अक्टूबर को गोवा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बेंचप्रेस प्रतियोगिता में किया गया है।

**आयोजन**

# स्कूली बच्चों को खिलाई गई कृमि नाशक गोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के शुरूआत ग्राम पंहंडोर में सरपंच पंहडोर पुरूषोत्तम मढरिया द्वारा मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं को गोली खिलाकर किया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को जिला मलेरिया अधिकारी सीबीएस बंजारे एंव खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया बीईईटीओ शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 सैय्यद असलम बीईटीओ बीएल वर्मा, चंद्रकांता साहू, एलएचव्ही आर विश्वास की उपस्थिति में कार्यक्रम की मॉनिटरिंग किया गया। छात्र-छात्राओं को स्कूलों में ,0 से 5 साल के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में ओर शाला त्यागी छात्र-छात्राओं को ग्राम में भ्रमण कर मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, स्वास्थ्य संयोजिका संयोजक ओर स्कूल के टीचर्स द्वारा कृमि नाशक दवा एलबेंडाजोल खिलाई गई है।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को कृमि पेट तक कैसे पहुंच सकते हैं उनसे बचने के उपाय बताए गए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को कृमि पेट तक कैसे पहुंच सकते हैं। उनसे बचने के उपाय भी बताए गए। बीई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि नंगे पैर नहीं चलना चाहिए। हाथों को खाना खाने से पहले धोना चाहिए। शौच के बाद साबुन से हाथों को धोना चाहिए।

**बैठक**

### आदर्श नगर दुर्ग में सियान समिति का हुआ गठन



**भिलाई।** विगत दिनों न्यू आदर्श नगर दुर्ग में सियान समिति का गठन हुआ। जिसमें अध्यक्ष बीआर साहू, उपाध्यक्ष बीपी सोनगरिया, एचएन टंकारिया, कोषाध्यक्ष एमएल साहू, महासचिव डीपी साहू, सचिव राजेश यादव, सहसचिव रघु साहू, संगठन महामंत्री संतोष वर्मा, प्रचार सचिव नरेश साहू, संरक्षक संतोष कुमार देशमुख, बंशीराम मंडावी, एपी सिंग, आरआर धनेंद्र, ललित कुमार शशि आदि नियुक्त किए गए।

### पांच दिवसीय रामायण का अखंड पाठ



**अंडा।** दुर्गग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत विनायकपुर के शीतला मंदिर में पांच दिवसीय अखंड रामायण पाठ 50वां वर्षों से लगातार चल रहा है। कृष्ण जन्माष्टमी के दिन भव्य शोभायात्रा में गांव के यादव समाज अपने पूरे साज सज्जा के साथ राऊत नाच के साथ दही लूट करते हुए शीतल मंदिर से प्रारंभ करके पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वापस शीतल मंदिर में रामायण के विर्सजन के साथ समाप्त होता है।

**आक्रोश**

# खर्रा में शराब दुकान के विरोध में महिलाएं



**पाटन।** ग्राम खर्रा के नाले के पास आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकान खोलने की स्वीकृति से गांव में विभाग के खिलाफ आक्रोश हैं। गांव मे बैठक का दौर चालू है। शराब दुकान खुलने की बात सुनकर व उस जगह पर हो रही तैयारी को देखते हुए गांव को लोगों ने बैठक की। महिलाएं भी इस बैठक में शामिल हुईं। अपनी मांग व शिकायत उच्च अधिकारियों को देने के बाद संतोषजनक निर्णय नहीं होने पर उग्र आंदोलन का निर्णय लिया गया। गांव की महिलाओं ने कहा कि इस जगह पर शराब की दुकान नहीं खुलने देंगे। इसके लिए अब हम लोग आंदोलन कि राह चयन कर अपनी गांव को बचाने के लिए आगे बढ़ेंगे। आबकारी विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलने को तैयारी गांव वालों ने की। शिकायत और आपत्ति के बाद भी दुकान खोले जाने से ग्रामीणों में खासी नाराजगी है। पूरे दिन शराब दुकान को लेकर लेकर ही चर्चा हो रही है। गांव वालों ने आगामी दिनों में आबकारी कार्यालय के सामने और एसडीएम कार्यालय के सामने जल्द ही धरना देने की बात कही है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.-202408104400008/ अ-74/वर्ष 2023-24
**।। ईश्तहार ।।**
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार पिता राम्हूलाल साकिन लिटिया तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम लिटिया प.ह.नं.-08 राजस्व निरीक्षक मण्डल बोरीबुजुर्ग तहसील बोरी स्थित भूमिस्वामी हक में दर्ज भूमि खसरा नंबर 462/1 रकबा 0.12 हे. अशोक कुमार पिता राम्हूलाल के नाम पर राजस्व अभिलेख दर्ज हैं, का द्वितीय प्रति ऋण-पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं। जिस पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः द्वितीय प्रति ऋण-पुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 02.09.2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 14.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर
नायब तहसीलदार बोरी

**न्यायालय तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.-202408102700024/ अ-74/वर्ष 2023-24
**।। ईश्तहार ।।**
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार पिता राम्हुलाल, निवासी ग्राम लिटिया, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम गाडाडीह, प.ह.नं. 07, तहसील बोरी स्थित भूमि ख.नं. 7, रकबा 0.98 हे. जोकि आवेदक अशोक पिता राम्हूलाल के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुसतिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन मय बैंक चालान, नक्शा, खसरा एवं बी-1 की नकल, नोड्युज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, तलवाना सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः आवेदक के नाम पर द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 10.09.2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 22.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार बोरी

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता:- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अवंतीबाई चौक में दुर्घटना की आशंका

**भिलाई ।** अवंती बाई चौक कोहका में बेतरतीब ट्रैफिक से सदैव दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सबसे ज्यादा खतरा शाम को होता है। यहां लक्ष्मीनगर सुपेला, वैशालीनगर और कोहका से वाहनों का आना जाना होता है। ड्यूटू और स्कूल टाईं में भी भारी ट्रैफिक होता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि यहां ट्रैफिक पोस्ट की जरुरत है। ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने से जाम के हालात बनते रहते हैं। छिटपुट दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। सुबह भी बेतरतीब ट्रैफिक होता है। इससे आवागमन दुरुह व दुर्घटनाजन्य बना हुआ है।

### ज़िंदगी न मिलेगी दोबारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कुम्हारी।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी में ज़िंदगी न मिलेगी दोबारा कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई व कुम्हारी इकाई के द्वारा किया गया। यह आयोजन 16 अगस्त से 9 सितंबर तक विभिन्न स्कूल व कॉलेजो में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार व स्वालंबन, उच्च शिक्षा व दिशा, स्वस्थ जीवन शैली व पर्यावरण जीवन का आधार, ट्रैफिक नियम और सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों को जागरूक करना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी संजय बघेल थे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि-₹ हम स्वतंत्र भारत के नागरिक है हमे भगवान ने जीवन दिया है हम यह जीवन किस प्रकार से जीयें कि अपने देश को और आगे बढ़ा सकें। हम सबका लक्ष्य होता है बड़े और अच्छे स्कूल में पढ़े और एक अच्छी नौकरी करें , मगर हमे सिर्फ नौकरी के पीछे नहीं जाना चाहिए हमे व्यापार कर आत्मनिर्भर भी बनना है और भारत की अर्थ व्यवस्था को और मजबूत करना है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सपना देखा है कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनाना है लेकिन हमारा देश तब विकसित बनेगा जब हमारा प्रदेश विकसित होगा, छोटे गांव कस्बे विकसित होंगे।₹ इस कार्यक्रम में छात्रों से बहुत सारे सवाल भी पूछे गए और सही जवाब देने वाले छात्रों को उपहार दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे विद्यार्थोयों को आत्मनिर्भर, विकसित भारत के लिए योगदान, बेहतर शिक्षा , स्वस्थ जीवन व ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विक्रम सिंह देव कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स, अजय भसीन प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स शंकर बजाज, संजय चौबे , दिलीप स्टार्क, राजेश शर्मा, शंकर सचदेव, सुनील मिश्रा, कुलदीप लालवानी, अध्यक्ष रामाधार शर्मा , सांसद प्रतिनिधि सुजीत यादव, रामकुमार सोनी, मनोज वर्मा, मिथलेश यादव और अवधेश शुक्ला, गोपाल राठी, विशाल राठौड़, अशोक राठी और मोनू शर्मा सहित प्राचार्य श्रीमति लता रघु कुमार तथा शाला के अध्यापकगण और छात्र छात्राएं उपस्थित थे । कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील मिश्रा ने किया।

# पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट को इटली की कंपनी से मिल सकती है स्पीड

विमलशंकर झा ⏭भिलाई

अपने मोदी मेजिक और विजन के लिए चर्चित देश के प्रधानमंत्री भले ही पूर्व में प्रधानमंत्री बनते बनते रह गईं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते उनके नैहर देश इटली के बारे में थोड़ी कम दिलचस्पी दिखाते हों लेकिन उनके ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए सपनों का यह देश मददगार साबित हो सकता है। इटली की प्रसिद्ध निजी कंपनी की अभिनव एडवांस्ड तकनांलाजी उनके हाईस्पीड ट्रेन के साथ सेल की रेल को भी नई रफ्तार दे सकती है। उल्लेखनीय है कि पीएम ने विकसित भारत के लिए रेल नेटवर्क को गति देने करोड़ों रुपए के रेल प्रोजेक्ट घोषित किए हैं। इन नए प्रोजेक्ट के लिए करीब साढ़े पांच मिलियन टन नए रेलवे ट्रैक की जरुरत पड़ेगी। इसे देखते हुए देश के साथ कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी भारत में रेल निर्माण के निवेश के लिए रुचि दिखा रही हैं। ऐसी इटली की एक प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय रेल उत्पादक कंपनी डेनियली इंडिया लिमिटेड ने एडवांस्ड रेल पटरियों के निर्माण के लिए भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के साथ सेल को देश के साथ भिलाई इस्पात संयं 6 में नई रेल मिल लगाने के लिए इच्छा जताई है। इस कंपनी के वाइस प्रेसीडेंट गेब्रिएली व उपमहाप्रबंधक निशांत जोएल भिलाई में आल इंडिया इस्पात सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत करने भिलाई पहुंचे हैं। डेनियली मोरगार्डशाम्मर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट गेब्रिएली उरली ने बताया कि हमारी कंपनी भारत को रेल नेटवर्क बढ़ाने अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित रेल सप्लाई में योगदान दे सकती है। इसके लिए भारत सरकार व इस्पात मंत्रालय से बीएसपी व कुछ स्थानों में अत्याधुनिक रेल मिल बनाकर रेल उत्पादन करने जल्द बातचीत करेंगे। क्योंकि पीएम के हाई स्पीड ट्रेन के लिए भारत को करीब साढे 5 मिलियन टन रेल ट्रैक की जरुरत पड़ेगी। डेनियली कंपनी भारत मे अपनी आरएच- टू ( रेल हेड हार्डलिंग) एडवांस्ड टेक्नालाजी का पहली बार उपयोग करेगी। कंपनी बीएसपी के यूआरएम में बनने वाली 130 मीटर लंबी रेल की तरह इसके अलावा 3 सौ किमी स्पीड से दौड़ने वाली हाई स्पीड ट्रेन के लिए रेल पांतों का निर्माण कर सकती है।

## सामान्य व हाइस्पीड ट्रेन के लिए डेनियली बीएसपी में लगाना चाहती है नई रेल मिल

### रुस व पोलैंड में हैं कंपनी के इस्पात संयंत्र



इटली की स्टील व रेल मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी डेनियली मोरगार्डशाम्मार भारत में डेनियली इंडिया लिमिटेड पुणे में स्थित है। 1856 में स्थापित इस कंपनी का रुस, पोलैंड आदि देशों में इस्पात संयंत्र है। कंपनी के वाइस प्रसिडेंट गेब्रिएली उरली ने बताया कि पौलैंड व रसिया में हमारी रेल सप्लाई का रिस्पांस बहुत अच्छा है। भारत में जिंदल स्टील, जीएसपीएल व डब्ल्यूएसडब्ल्यू के प्लांट में भी प्रपोजल है। हमारी अत्याधुनिक नई टेक्नालाजी से निर्मित रेल पटरियां अपनी भारवहन क्षमता, उच्च गुणवत्ता और जंगरोधी होने आदि विशेषताओं के लिए पसंद की जाती हैं। इस एडवांस्ड तकनीक से नई मिल में बनी रेल अधिक गुणवत्तायुक्त व सेफ्टी, और मजबूती वाली है।

### अधिक भारक्षमता व गुणवत्तायुक्त तकनीक



रेल उत्पादन की नई तकनीक के तहत रेल निर्माण के लिए रेल के ऊपर व्हील के भाग को कोटिंग टज दिया जाता है। पालिमर और पानी के सोलूशन तकनीक से हेड को सोलूसन में डालने से लोड क्षमता के साथ स्पीड बढ़ जाती है। कंपनी के एजीएम निशांत जोएल बताते हैं कि आरएच टू बिल्कुल नई रेल तकनालाजी है और यह भारत में वर्तमान 160 प्रति घंटा की स्पीड में चलने वाली ट्रेनों से अधिक ही नहीं बल्कि हाई स्पीड ट्रेनों व मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए भी अति उपयोगी है। इससे दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। रायपुर - राजनांदगांव मेट्रो सहित भारत में सरकार के पचासों हाई स्पीड के घोषित नए प्रोजेक्टों को पूरा करने डेनियली कंपनी सरकार व सेल की मददगार साबित हो सकती है।

## महात्मा गांधी कला मंदिर में भारतीय इस्पात सम्मेलन में जुटे देशभर के टेक्नोक्रेट

# ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी के लिए अभिनव तकनीक व तरीके खोजें

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई




डीकार्बोनाइजेशन और बुनियादी ढांचे के विकास का महत्व और भूमिका विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय भारतीय इस्पात सम्मेलन का उद्घाटन गुरुवार को महात्मा गांधी कला मंदिर में किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि एस्सार मिनमेट प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी और सेल के पूर्व निदेशक एसएस मोहंती थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक तथा अध्यक्ष (आईआईएम, भिलाई चैप्टर) अंजनी कुमार, आईआईएम-रायपुर के निदेशक, प्रो. आरके काकानी, आईआईटी, भिलाई के निदेशक, प्रो.सर राजीव प्रकाश, सीएसवीटीयू के कुलपति डां. एमके वर्मा, एनआईटी-रायपुर के निदेशक डॉ .एनवी रमना राव, आईएसआर इन्फोमीडिया प्रा. लि. के सीएमडी संतोष महंती, आईआईएम भिलाई चैप्टर के उपाध्यक्ष और सीजीएम इंचार्ज तापस दासगुप्ता, अध्यक्ष (आईईआई, बीएलसी) पुनीत चौबे भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

आयरन एंड स्टील रिव्यू मैगजीन-कोलकाता, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स (आईआईएम), भिलाई चैप्टर और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई सेंटर द्वारा बीएसपी के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के लौह और इस्पात उत्पादकों, देश के विभिन्न हिस्सों में इस्पात निर्माण से संबंधित अनुसंधान और प्रौद्योगिकी संस्थानों के टेक्नोक्रेट, विशेषज्ञ और प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

श्री मोहंती ने अपने उदबोधन में कहा कि भारतीय इस्पात उद्योग के डीकार्बोनाइजेशन पर शुरुआत से ही चर्चा होती रही है। आज प्रश्न यह है कि डीकार्बोनाइजेशन को किस पैमाने पर हासिल किया जाना है और इस्पात उद्योग में शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में क्या चुनौतियाँ हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने 70 प्रतिशत से अधिक इस्पात का उत्पादन ब्लास्ट फर्नेस रूट के माध्यम से करते हैं जो ऊर्जा की अधिक खपत करता है तथा पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इस्पात उत्पादन वर्ष 2050 तक अधिकतम हो जाएगा, जिससे कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ेगा।

### ग्रीन स्टील के लिए निवेश जरुरी

उन्होंने कहा कि हमें अपनी परिसंपत्तियों का मूल्यांकन शुरु करना होगा, ग्रीन स्टील के उत्पादन के लिए नए निवेश करने होंगे और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए अपनी मौजूदा सुविधाओं में नवाचार के साथ अपनी उत्पादन प्रक्रियाओं में नई तकनीकों को शामिल करना होगा। अनिर्बान दासगुप्ता ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि हमने इस सम्मेलन का विषय व्यापक विचार-विमर्श के बाद चुना है। भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और इसमें इस्पात उद्योग का प्राथमिक हिस्सा है, जो बड़ी मात्रा में कार्बन का उत्सर्जन करता है। आज सार्थक प्रयासों के माध्यम से हमें कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों के न्यूनतम उत्सर्जन के साथ उच्च गुणवत्ता वाले सस्टेनेबल स्टील का उत्पादन करने के तरीकों की खोज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि इस सम्मेलन ने देश भर के टेक्नोक्रेट और शोध विद्वानों से उत्कृष्ट तकनीकी शोध पत्रों से हमें भारतीय इस्पात उद्योग को कार्बन मुक्त करने में मदद मिलेगी।

### स्मारिका का विमोचन

सीएमडी (आईएसआर इन्फोमीडिया प्राइवेट लिमिटेड) श्री संतोष महंती ने कहा कि हम सबके लिए भारतीय इस्पात परिदृश्य को समझना महत्वपूर्ण है। इसका निरंतर बढ़ता और विकसित होता बुनियादी ढांचा राष्ट्र निर्माण के आर्थिक पक्ष में व्यापक परिवर्तन लाने में महीत भूमिका निभाता है। निदेशक (आईआईएम, रायपुर) डॉ. राम कुमार काकानी ने कहा कि डीकार्बोनाइज करने के लिए शून्य कार्बन उत्सर्जन की ओर बढ़ना आवश्यक है। ग्लोबल वार्मिंग को सीमित करने के लिए पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करना है। उद्घाटन सत्र के बाद डी-कार्बोनाइजेशन और बुनियादी ढांचे के विकास के महत्व और भूमिका पर एक पैनल चर्चा हुई। अतिथियों ने स्मारिका का विमोचन किया व प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। समारोह का संचालन महाप्रबंधक बोन्या मुखर्जी और सहायक महाप्रबंधक हिमांशु दवे ने किया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता ने आभार प्रदर्शन किया।

# कार्बनमुक्त स्टील उत्पादन स्वच्छ पर्यावरण की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



एस्सार मिनमेट प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी और सेल के पूर्व निदेशक एसएस मोहंती ने कहा है कि भारत में इस्पात उत्पादन में कार्बन की मात्रा भारत ही नहीं बल्क दुनिया के लिए एक चिंता का विषय है। इसे कम करने के लिए भारत में सेल सहित सभी इस्पात उत्पादक गंभीर हैं। हमें स्टील उद्योग को कार्बनमुक्त करने के लिए डीकार्बोनाइजेशन की एडवांस्ड तकनीक को समन्वित प्रयासों से अपनाना होगा। । इससे पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा और स्टील उत्पादन की लागत कम होने के साथ गुणवत्ता भी बढ़ेगी। भिलाई में इंडियन स्टील कान्फ्रेंस इस दिशा में एक अहम कदम साबित होगा।

- एस्सार स्टील के सीएमडी मोहंती से हरिभूमि की चर्चा

यहां भारतीय इस्पात सम्मेलन में आए श्री मोहंती ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि आज स्टील का उत्पादन तेजी से बढ़ा रहे हैं। क्योंकि स्टील की ब्रिज, जहाज, रोड व रेल आदि के साथ सभी तरह के इन्फ्रास्ट्रक्चर में जरुरत पड़ती है। स्टील उत्पादन के लिए हमें पावर यानी कोयला, पेट्रो, बिजली आदि चाहिए । लेकिन इनके उपयोग से स्टील में कार्बन की मात्रा के साथ लागत भी बढ़ रही है। कार्बन पर्यावरण के लिए नुकसानदेह है। लिहाजा स्टील को कार्बनमुक्त बनाने के लिए पूरी दुनिया के साथ भारत में भी प्रयास चल रहे हैं। इस दिशा में सेल के साथ निजी उद्योग भी गंभीर हैं। इस्पात उत्पादन में डीकार्बोनाइजेशन नई तकनीकों व समन्वित प्रयासों से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2030 तक 30 मिलियन टन इस्पात उत्पादन हो जाएगा। अभी स्टील में 2.2 प्रति टन कार्बन उत्सर्जन हो रहा है, जिसे 1 टन पर लाना है। आगे हम इसे जीरो प्रतिशत किए जाने का लक्ष्य है। जलवायु परिर्तन में ग्रीन स्टील के उत्पादन के लिए सरकार के प्रयासों पर अमल के साथ इस्पात उद्योगों को जनहित में दृढ़ संकल्पित होकर कोशिश करने की आवश्यकता है। इसके लिए जरुरी है कि कोयला आदि कार्बन का उपयोग कम हो।

हाइड्रोन, सोलर व विंड एनर्जी के गैर पारंपरिक श्रोतों का उपयोग करते हुए स्टील निर्माण करके धीरे धीरे कार्बनडाई आक्साइड की मात्रा को कम किया जाए। क्योंकि बारिश, तूफान धूल तापमान आदि जलवायु में बदलाव आने से कार्बन बढ़ रहा है, कोल व पेट्रो आदि ऊर्जा खपत भी बढ़ रही है, जिससे पर्यावरण की चुनौती भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 2050 तक भारत में इस्पात निर्माणअ का प्राथमिक मार्ग ग्रीन हाईड्रोजन बन जाने के की सभांवना है। इसलिए क्योंकि ग्रीन हाउड्रोजन की लागत को कम करने के भी प्रयास जारी हैं। सरकार ने स्टील को कार्बन मुक्त करने के लिए भी कई नई पहल की है। इनमें स्क्रैप रिसाइक्लिंग नीति व एडवांस तकनीक आदि शामिल हैं।

# आपसी प्रेम भाव बढ़ाने सामाजिक सम्मेलन सांसद ने कहा-सामाजिक एकजुटता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

क्रिश्चियन कम्यूनिटी चर्च में जनप्रतिनिधियों के लिए सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें सार्वजनिक जीवन में जनता की सेवा करते हुए कैसे आपस के प्रेमभाव और सब जीवों के लिए दया का भाव रखते हुए अपनी मातृभूमि कि सेवा कर देश को आगे बढ़ाने अपना योगदान देना हैं। इस विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। उन्होंने कहा कि देश में एक मजबूत लीडरशिप प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में बेहतरीन कार्य कर रही है। आज हमारा देश पड़ोसी देशों से बहुत अच्छी स्थिति में है। हमें समाज के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को याद दिलाया कि ईश्वर की कृपा हमें सही दिशा में मार्गदर्शन देती है। रायपुर से आए मुख्य वक्ता रेव्ह अनुराग गैब्रिएल ने चर्च के नेताओं को देश के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने और देशभक्ति में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया।

- क्रिश्चियन कम्यूनिटी चर्च में आयोजन, जनप्रतिनिधि हुए



### प्रार्थना सभा का भी आयोजन

चर्च के प्रभारी पादरी रेवरेन्ड अर्पण तरुण ने सभी को आशीर्वाद दिया। सांसद विजय बघेल के लिए प्रार्थना की गई। केआर पारकर ने सभा का संचालन किया। संविधान में जनता को मिले अधिकारों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर बोर्ड अध्यक्ष निर्मल कुजूर, चर्च पंचायत सचिव केनेथ आर. पारकर, एडवोकेट डब्ल्यूपी मैसी, रजनी नेल्सन, डॉ. संदीप जश्वंत, एसजे फिश, विभव कांत सैमुएल, एससी पॉल, अजय गारडिया, गीतेश कुमार, शिबा तरुण, संगीता सेंदुर सहित अन्य मौजूद थे।

# उन्नति महिला सहकारी साख समिति में कौसर खान पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



उन्नति महिला सहकारी साख समिति का निर्वाचन और आम सभा अंबेडकर भवन सुपेला में हुई। चुनाव के लिए प्राधिकृत अधिकारी भूपेंद्र चंद्रवंशी और रिटर्निंग प्रजय सोनी की उपस्थिति में नियुक्ति तथा आम सभा की कार्रवाई हुई। समिति के 5 सालों के संचालन के लिए नए संचालक सदस्यों की नियुक्ति की गई। कौसर खान को पुनः अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष मीनाक्षी दुबे उपाध्यक्ष, सुनीता ताम्रकर, संचालक रेहाना खान, प्रतिमा पारधी, रेखा दास, समृद्धि ताम्रकर, सुनीता कुमारी, रजनी मेहर, अवध विश्वकर्मा, रीना उइके निर्वाचित हुईं। नियुक्ति के बाद संचालक सदस्यो को सहकारिता के नियमों से अवगत कराया गया।




## कलामंदिर में बनी आकर्षण का केंद्र

# उद्योग प्रदर्शनी में दिखी बीएसपी की रेल से लेकर एसी की शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई





महात्मा गांधी कला मंदिर में आयरन एंड स्टील रिव्यू मैगजीन कोलकाता, आईआईएम व भिलाई चेप्टर इंडिया भिलाई तथा बीएसपी द्वारा दो दिवसीय भारतीय इस्पात सम्मेलन पर प्रदर्शित उद्योग प्रदर्शनी देशभर से आए इस्पात उद्योग के लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसमें सेल सहित दर्जनभर इस्पात उद्योगों के ग्रीन हाउस व अन्य स्टील उद्योग से जुड़े उत्पादों व विषयों पर स्टांल लगाए गए हैं। सेल बीएसपी की रेल से लेकर काबू प्रोजेक्सट्स नोएडा के आउटडोर रेफ्रिजरेटर तक प्रदर्शित हैं। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए एस्साल स्टील के सीएमडी एसएस मोहंती सहित बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, ईडी पवन कुमार आईआईटी के डायरेक्टर राजीव प्रकाश आदि अतिथियों ने अवलोकन करते हुए खासी रुचि दिखाई। प्रदर्शनी में आर्या मटेरियल्स रायगढ़, प्रोडक्टिव जनरल प्रा. लि., बीएसपी एंसीलरी एसो. कोरोसाकी झारसागुड़ा, अभिटेक एनर्जी कान लि, मुंबई,एसजीएम मेनिकटिक्स इंडिया प्रा. लि. भिलाई महिला समाज,अपोलो रायपुर, काबू प्रोजेक्ट्स एटमास, भिलाई इस्पात संयंत्र आदि उपक्रमों व उद्योगों के स्टाल लगे हैं। आर्य मटेरियल्स के नगेंद्र कुमार ने बताया कि हम स्टाल में प्रदर्शित पदार्थ स्टील उत्पादन में हाईटेंप्रेचर को संतुलित करने उपयोग होने वाले मैगनेशियम, कार्बन, कास्टेबल्स आदि पदार्थो की सप्लाई करते हैं।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 30 अगस्त 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



04



नकल से सावधान


## लाइव इवेंट

### महिलाओं को पुरुषों की तरह हर संवैधानिक अधिकार, इसे जानना जरूरी : अग्रवाल



**भिलाई।** गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में महिला समानता दिवस पर महिला प्रकोष्ठ द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने इस अवसर पर बताया कि महिलाओं को अपने सभी अधिकारों के लिए समानता का अधिकार है। एक श्रेष्ठ समाज के लिए पूर्णता के साथ स्त्री समानता और हर स्तर पर समानता आवश्यक शर्त है। इसमें भूमि तक पहुंच, उपभोग, उत्तराधिकार नियंत्रण और स्वामित्व का अधिकार शामिल है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीसी अग्रवाल ने लैंगिक समानता को परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि ये वह स्थिति है, जिसमें अधिकारों या अवसरों तक पहुंच लिंग से अप्रभावित है। डॉ. मोनिया राकेश सिंह ने कहा कि पुरूषों और महिलाओं के बीच समानता तब होती है, जब दोनों लिंग सत्ता और प्रभाव के वितरण में समान रूप से साझा करने में सहायक होते हैं। प्राध्यापक ज्योति भरणे ने महिला समानता दिवस के इतिहास का वर्णन किया। युक्ति देशमुख ने सभी को समान अवसर प्रदान करने और लोगों को भेदभाव से बचाने से जुड़ी जानकारी दी। मनीषा धृतलहरे ने कहा कि पुरूषों के समान ही नारी को भी अधिकार प्राप्त होने पर उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। महक परवीन ने कविता के माध्यम से अपनी बात रखी। दूरानी चंदेल के अनुसार नारी सम्मान अच्छी परवरीश को दर्शाता है। उषा यादव ने महिला अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन तब्बसुम अली एवं धन्यवाद ज्ञापन वंदना बंजारे ने किया।

## सिटी इवेंट

### रस्साकसी में सुभाष चंद्र विजेता और भगत सिंह हाउस उपविजेता



**भिलाई।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर कॉलेज में रस्सीकसी महिला और पुरुषों के लिए आयोजित किया गया। इसी प्रकार कबड्डी प्रतियोगिता भी हुई। प्राचार्य डॉ. एम सिद्धकी और क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. अभिनेष सुराना ने उनके चल-चित्र पर मालयार्पण किया। खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को खेल के महत्व से अवगत कराया। प्रतियोगिता में रस्सीकसी में छात्रो का फाइनल मुकाबला सुभाष चन्द्र बोस और भगतसिंह हाउस के मध्य खेला गया। इसमें सुभाष चन्द्र बोस हाउस विजेता और भगतसिंह हाउस उपविजेता रही। बालिका रस्सीकसी स्पर्धा स्वामी विवेकानंद और सुभाष चन्द्र बोस के मध्य खेली गई। इसमें स्वामी विवेकानन्द विजेता ओर सुभाष चन्द्र बोस उपविजेता रही।

- साइंस कॉलेज दुर्ग में खेल दिवस पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

#### कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन

कबडडी प्रतियोगिता में बालक प्रतियोगिता में भगत सिंह हाउस और सुभाष चन्द्र बोस हाउस के मध्य खेला गया, जिसमें भगत सिंह हाउस विजेता और सुभाष चन्द्र बोस हाउस उपविजेता रही। कबड्डी बालिका प्रतियोगिता में चंद्रशेखर आजाद हाउस और स्वामी विवेकानंद हाउस के मध्य खेला गया, जिसमें स्वामी विवेकानन्द हाउस विजेता रही। प्रतियोगिता का आयोजन सफलता पूर्वक करने के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम सिद्धकी संपूर्ण महविघालय परिवार को बधाई दी।



● देश में 75 करोड़ से ज्यादा एंड्राइड फोन का इस्तेमाल कर रहे, छत्तीसगढ़ में यह संख्या 75 लाख से ज्यादा

# डिजिट डिटॉक्स : क्योंकि मोबाइल के ज्यादा उपयोग से स्मरण शक्ति कम हो रही, भूलने की प्रवृत्ति बढ़ रही, बच्चों में भी इसका असर

सुबह उठते और सोने से पहले फोन का इस्तेमाल करने से कई बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इसे लेकर डॉक्टर्स भी आने वाले संभावित खतरों से अवगत कराने लगे हैं। डिजिटल डिटॉक्स को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं, यह क्यों और कितना जरूरी है। इस पर बात हो रही है। इसे लेकर लोगों ने बताया कि ऐसा करने से उन्हें क्या फायदा हुआ। उनकी दिनचर्या में किस तरह का बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने मोबाइल को इग्नोर करने से मेंटल स्ट्रेस और भूलने की प्रवृत्ति किस हद तक कम हुई है।



अतुल अग्रवाल ⏭ भिलाई

मोबाइल आज इंसान की सबसे बड़ी जरुरत बन गया है। इसके बिना आज न ही दिन की शुरुआत हो पा रही है, न रात में अच्छी नींद आ पाती है। हम सभी इसके आदी हो चुके हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये मोबाइल कितना खतरना है और हमें कितना नुकसान पहुंचा रहा है। इसे लेकर हमने हममने आईटी, एआई, साइबर, कॉल सेंटर के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के अलावा कुछ डॉक्टर्स से बात की। उनके मुताबिक मोबाइल का लगातार उपयोग में हमारे मस्तिष्क में भूलने की प्रवृत्ति को बढ़ा रहा है। मानसिक अवसाद उत्पन्न कर रहा है। लोग इसके आदी हो चुके हैं। आने वाले समय में इसका असर नजर भी आने लगेगा। लोगों को मोबाइल की वजह से होने वाले परेशानियां खुद ब खुद दिखने लगेंगी। छत्तीसगढ़ सहित भारत में मोबाइल का चलन पिछले 10 सालों में तेजी से बढ़ा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर 2023 की स्थिति में भारत में मोबाइल यूजर्स 1.125 अरब थे, जिनमें से 75 करोड़ स्मार्टफोन यूजर थे। यह संख्या भारत की आबादी का करीब 72.5% है। छत्तीसगढ़ में यह संख्या 75 लाख से ज्यादा है। स्मार्टफ़ोन का इस्तेमाल लोगों द्वारा संचार, शिक्षा, मनोरंजन, और व्यवसाय के लिए किया जा रहा है। स्मार्टफ़ोन का इस्तेमाल करके लोग ऑनलाइन शॉपिंग, ऑर्डर देने, ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने, और डिजिटल कैश पेमेंट करने जैसी कई जरूरी काम भी कर रहे हैं। स्मार्टफोन लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। आगामी 2026 तक स्मार्ट फोन यूजर की संख्या 1 अरब के पार पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए वैज्ञानिकों द्वारा भी लगातार इससे होने वाले नुकसान को लेकर शोध किया जा रहा है।

### स्क्राल करते गुजर रही रातें इसलिए डिजिटल डिटॉक्स

आईटी एक्सपर्ट बोरसी दुर्ग निवासी रजनीश देव बताते हैं कि सोशल मीडिया स्क्रॉल करते-करते, रील्स देखते-देखते कब सुबह से रात और रात से सुबह हो जाती है, लोगों पता ही नहीं लगता। रात को सोते समय भी हाथ से फोन नहीं छूटता। इससे प्रोडिक्टविटी तो खत्म होती है, साथ ही घबराहट, किसी काम को करने की जल्दबाजी, स्ट्रेस बढ़ने के अलावा हाइपरटेंशन, डिप्रेशन, ओवेस्सिटी, हार्टअटैक, स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ने लगे हैं। इसलिए अब लोग डिजिटल डिटॉक्स (इग्नोर करना) को अपनाना शुरू कर दिया है। इसमें लोग कुछ समय के लिए स्मार्टफोन, टीवी, कंप्यूटर, टेबलेट, सोशलमीडिया साइट से दूरी बना लेते हैं। ताकि असल जीवन में एक-दूसरे के करीब आ सकें और लोगों से मिल सकें, जिससे डिजिटल स्ट्रेस भी खत्म होता है। इसके लिए कई तरह के योगा रिट्रीट, मेडीटेशन, ट्रैवल रिट्रीट पहाड़ों और साउथ इंडिया में चल रही है, जहां कुछ दिनों के लिए पूरी तरह से फोन से दूर रखा जाता है। कुछ लोग ऐसा करना चाहते हैं, मगर सारा काम मोबाइल की स्क्रीन पर आ जाने से उससे दूर नहीं हो पाते। मगर ऐसा करना कितना जरूरी है और किस तरह से खुद को डिजिटली डिटॉक्स कर रहे हैं यह बताया लोगों ने।

### बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी मोबाइल की गिरफ्त में

एक रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी मोबाइल के गिरफ्त में हैं। बच्चे ज्यादातर समय फोन और कंप्यूटर पर बिताते हैं, जिससे उन्हें कई तरह की परेशानियां होती है। जैसे नींद पूरी न होना, स्ट्रेस में रहना, कुछ याद न रहना आदि। ऐसे में उन्हें अपनी रुटीन में बदलाव करने की जरूरत है। गृहिणी और बुजुर्ग भी खाली समय में मोबाइल का उपयोग करते हैं, इसके बाद वे इसके धीरे-धीरे आदी हो जाते हैं। इससे बचाव के लिए सोने से एक घंटे पहले स्क्रीन-टीवी, फोन, टैबलेट आदि बंद कर दें। किताबें पढ़ना शुरू करें। क्रिएटिव एक्टिविटीज जैसे आर्ट, क्राफ्ट से जुड़े वर्क करें। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताए। उनके साथ गेम खेले, बाहर घूमने जाएं। सोने से पहले इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को अपने बैड से दूर रखें। युवाओं को इन नियमों का ज्यादा पालन करना चाहिए। क्योंकि सबसे ज्यादा वे ही मोबाइल से प्रभावित हो रहे हैं।

### डिजिटल डिटॉक्स वर्तमान समय की जरुरत : एक्सपर्ट

आईआईटी भिलाई के रत्नदीप समेंता बताते हैं कि डिजिटल डिटॉक्स पर लगातार बातें हो रही हैं। देश-दुनिया में इसकी चर्चा है। कई जगहों पर रिसर्च भी हो रहे हैं। वर्तमान समय में इसकी जरुरत भी है। इसकी वजह यह है कि आज लोग मोबाइल में ज्यादा समय बिताने लगे हैं, एंड्राइड मोबाइल की डिमांड बढ़ते जा रही है। औसतन 3 से 5 घंटे से ज्यादा का समय लोगों का मोबाइल पर बीत रहा है। इतना ही नहीं रात में सोने के समय भी लोग मोबाइल पर बिजी रहते हैं। परिवार के साथ कम समय बिता रहे हैं। खाली समय में मोबाइल का उपयोग कर रहे हैं। इससे उनकी स्मरण शक्ति पर भी असर पड़ रहा है, यह बात बहुत देर से समझ आती है। इसलिए मोबाइल और अन्य डिजिटल गैजेट्स के उपयोग को लेकर हम सभी को विचार करने की जरुरत है।

### डिजिटल डिटॉक्स को आप ऐसे समझिए

- जिन एप पर ज्यादा समय बिताते हैं, उन्हें अनइंस्टॉल करें या फोन में टाइमर लगा लें।
- खाली समय में किताब पढ़ें या आस-पास के लोगों से बात करें, ताकि कनेक्टेड रहे।
- खुद को किसी आर्ट से जोड़ें। गेम्स खेलें और ट्रैवल करें।
- रात में सोने से पहले परिवार से बातें करें या किसी स्किल पर काम करें।

लगातार मोबाइल के उपयोग के बाद ऐसा लगे तो समझे आपको डिटॉक्स की जरुर

- एक समय पर एक जगह ध्यान न लग पाना और फोन न चलाने पर चिंतित होना। हर दूसरे मिनट में फोन देखने की आदत।
- सोशल मीडिया पर वक्त बिताने के बाद खुद को कम आंकना, गुस्सा महसूस होना।
- लगातार देखना कि आपकी पोस्ट पर कितने लोगों ने लाइक की, कमेंट किया या शेयर किया।
- रात को लेट सोना और सुबह नींद खुलते ही फोन चलाना।

## नई शिक्षा नीति को गांव-गांव तक पहुंचाने एक सितंबर से महाअभियान, 8 को उल्लास मेला

**भिलाई।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू किए गए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से 1 से 8 सितम्बर तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शिक्षा और साक्षरता पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। साक्षरता सप्ताह का समापन 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने इसे लेकर दुर्ग जिला शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है। इस साक्षरता सप्ताह के दौरान जिला, ब्लॉक, नगरीय क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों के साथ-साथ प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, और सतत शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

- जिला मुख्यालय, ब्लॉक से लेकर हर पंचायत स्तर पर कार्यक्रम होंगे

### 1 सितंबर को निकलेगा उल्लास रथ कार्यशाला भी होगी

साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत पहले दिन 1 सितम्बर को उल्लास रथ की रवानगी और शैक्षणिक संस्थाओं में विभिन्न सेमिनार व सम्मेलन का आयोजन होगा। दूसरे दिन 2 सितम्बर को समस्त शैक्षणिक संस्थानों में उल्लास 'सबके लिए शिक्षा' पर केन्द्रित गीत, नृत्य, पेंटिंग जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। तीसरे दिन 3 सितम्बर को पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों में उल्लास कार्यक्रम पर चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। चौथे दिन 4 सितम्बर को उल्लास महिला साक्षरता पर केंद्रित कार्यक्रम और व्यावसायिक कौशल पर आधारित सामग्री का प्रदर्शन होगा। पांचवें दिन 5 सितम्बर को शैक्षणिक संस्थानों में उल्लास नवभारत साक्षरता पर केन्द्रित थीम पर भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। छठवें दिन 6 सितम्बर को नवाचारी गतिविधियों का प्रदर्शन और सतत शिक्षा पर केंद्रित कार्यक्रम, सातवें दिन 7 सितम्बर को शैक्षणिक संस्थाओं में उल्लास साक्षरता रैली का आयोजन और अंतिम दिवस 8 सितम्बर को राज्य स्तरीय उल्लास मेला और अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन होगा।

## नगपुरा तीर्थ पहुंचे संभाग आयुक्त आरोग्यम साधकों से परिचर्चा की



**भिलाई।** तपोभूमि श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर पहुंचे। उन्होंने तीर्थपति के दर्शन किए। उनके साथ एसडीएम हरिवंश मिरी, तहसीलदार पंचराम सलामे, नायब तहसीलदार सहित अन्य मौजूद थे। उन्होंने तीर्थ परिसर का परिभ्रमण किया। तीर्थ प्रबंधन की ओर से संभाग आयुक्त का स्वागत किया गया। तीर्थपति की प्रतिमा दर्शनार्थ भेंट की गई। संभाग आयुक्त ने परिसर में संचालित प्राकृतिक एवं योगोपचार संस्थान आरोग्यम का अवलोकन किया। आरोग्यम् के साधकों से परिचर्चा की। तीर्थ की व्यवस्था एवं आरोग्यम की सेवाओं को लेकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान संतोष यादव, जितेन्द्र देशमुख, आरोग्यम से डॉ दानेश्वर, डॉ. आदित्य, डॉ. दिव्या ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान समिति ने संभाग आयुक्त को श्री उवसग्गहरं पार्श्वनाथ दादा सी जुड़ी कथाएं के बारे में जानकारी दी।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजन, शहर के 13 प्रतिष्ठित स्कूलों ने लिया भाग

## डीपीएस जुनवानी में खेलकूद के बिना शिक्षा अधूरी है विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, विजेता सम्मानित

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल जुनवानी दुर्ग के बहुउद्देशीय सभागार में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। आयोजन में मुख्य रूप से पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हॉकी खिलाड़ी और एएसपी सबा अंजुम मौजूद थीं। कार्यक्रम में अंतराष्ट्रीय बॉस्केट बॉल खिलाड़ी और सीटीआई अंजु लाकरा भी शामिल हुईं। मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सबा अंजुम जी ने छात्रों को खेलकूद और शिक्षा में समन्वय एवं सामंजस्य स्थापित करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा एक अंतरशालेय हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था खेलकूद के बिना शिक्षा अधूरी है रहा। इस प्रतियोगिता में दुर्ग और भिलाई के कुल 13 स्कूलों ने भाग लिया।




### वाद विवाद प्रतियोगिता में इन स्कूलों ने लिया भाग

वाद-विवाद प्रतियोगिता में मैत्री विद्या निकेतन रिसाली, रुंगटा पब्लिक स्कूल–कोहका, इंदु आईटी स्कूल–कोहका, दिल्ली पब्लिक स्कूल–रिसाली, जवाहर नवोदय विद्यालय–बोरई, शंकरा विद्यालय सेक्टर–10, केएच मेमोरियल स्कूल जवाहर नगर, श्री शंकराचार्य विद्यालय–हुडको, बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर–10, शारदा विद्यालय–रिसाली, डीएवी पब्लिक स्कूल–हुडको, कृष्णा पब्लिक स्कूल–नेहरू नगर एवं आयोजक विद्यालय दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग शामिल हुए।

### डीपीएस की सुमेधा गिरी ने किया प्रभावित, सम्मानित

प्रतियोगिता में विषय के पक्ष में बोलते हुए सुमेधा गिरि (दिल्ली पब्लिक स्कूल–रिसाली) को प्रथम, तेजस साहू (शारदा विद्यालय–रिसाली) को द्वितीय एवं पलक सोनी (इंदु आईटी) को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार विपक्ष में सलोनी शुक्ला (बीएसपी स्कूल सेक्टर–10) को प्रथम, इशानी (डीएवी पब्लिक हुडको) को द्वितीय और श्रुति रॉय चौधरी (कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्राप्तांको के आधार पर डीपीएस को विजेता घोषित किया गया।

### स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

प्रतियोगिता के पूर्ण होने पर विद्यालय के छात्रें ने नयनाभिराम प्रस्तुतियां दी । तदुपरान्त निर्णायक डीपीएस जुनवानी हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, कल्याण कॉलेज के सहायक प्राध्यापक एन. पापाराव, एफएसएनएल के राजभाषा अधिकारी छगनलाल नागवंशी ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्राचार्य यशपाल शर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन के उदेश्यों को रेखांकित किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के साथ खेलकूद को भी अपने जीवन में अपनाने की नसीहत दी। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक और हिंदी के विभागाध्यक्ष आरसी द्विवेदी, जोहरा अली (गतिविधि प्रभारी) ने कार्यक्रम का संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन गगन इंदर सिंह विरदी (क्रीडा विभागाध्यक्ष) ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सिटी इवेंट

### कृष्ण जन्मोत्सव पर दही-हांडी, हुईं प्रतियोगिताएं



**भिलाई।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में कृष्ण जन्मोत्सव पर दही-हांडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष राजन दुबे प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत इस्कॉन मंदिर, भिलाई के पुरोहितों द्वारा हरे राम हरे कृष्ण नाम संकीर्तन से हुई। इस अवसर पर रस्साकसी और मटकी फोड़ जैसी पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। स्टूडेंट्स ने 4–4 टोलियों ने भाग लिया, जिसमें बालिका वर्ग से मीनाक्षी और गंगा ग्रुप, बालक वर्ग से ओंकार ग्रुप विजयी हुए। रस्सा कस्सी में बालिका वर्ग से उर्वशी ग्रुप, बीएससी बीएड तृतीय वर्ष व बालक वर्ग से नवीन ग्रुप, बीएससी बीएड चतुर्थ वर्ष विजयी एवं पंकज ग्रुप उपविजेता बने। मटकी फोड़ में बालक वर्ग से लव कुमार, बीएससी बीएड तृतीय, तुमेंद्र बीएड तृतीय सेम, अभय बीए प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए वही बालिका वर्ग से श्वेता बंजारे बीएससी द्वितीय वर्ष विजेता, देविका बीए अंतिम वर्ष उपविजेता बने।



● श्यामा श्यामधाम मंदिर नेवई भाठा में जन्माष्टमी पर दो दिवसीय आयोजन

# कृष्ण जन्मोत्सवः प्रभु को छप्पन भोग का प्रसाद केक काटा, रामायण और पंडवानी की प्रस्तुति

**भिलाई।** श्यामा श्याम धाम ट्रस्ट समिति नेवई भाठा के तत्वावधान में श्यामा श्यामधाम मंदिर में दो दिवसीय श्रींकृष्ण जन्मोत्सव का महापर्व मनाया गया। रात 12 बजे महाआरती के बाद छप्पन भोग लगाया गया। इसके बाद केक काटा गया। रात 10 बजे लोक गंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम बालोद की प्रस्तुति हुई। अगले दिन नंद उत्सव पर महाभंडारा का आयोजन किया गया। दो दिवसीय लोककला महोत्सव में रामायण, पंडवानी, भरथरी, फाग, झांकी की प्रस्तुति हुई। इसमें नव जागृति सरस्वती मानस परिवार करमतरा खैरागढ़, जय महामाया निर्मल जस एवं मानस परिवार सगनी, सुर सुरभि नानी नातिन कृत पंडवानी मड़ेलीछुरा गरियाबंद, गोपेश्वर मानस परिवार कोपरा (छोटे बालक) खरियार रोड बागबाहरा, रासलीला फाग परिवार जालबांधा, एकता मानस सिन्हा परिवार काकेतरा राजनांदगांव, नरसिंह अवतार की झांकी दिया के अंजोर लोक कला फाग पेंड्री बालोद का कार्यक्रम हुआ।



### ऐसे आयोजनों से हम अपनी परंपरा और संस्कृति को सहेजते हैं

आयोजन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ही हम अपनी परंपरा और संस्कृति को सहेजते हैं। इसलिए ऐसे आयोजन हर समय होते रहना चाहिए। उन्होंने इस दिशा में हर संभव मदद का भरोसा जताया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि पप्पू चन्द्राकर, अध्यक्ष शैलेन्द्र शेंडे, संयोजक नन्दू कश्यप, अरुण कश्यप, संजय राय, डॉ. आरके शर्मा, शत्रुघन धनकर, किसन पवार, दीप शर्मा, वीरेंद्र साहू, ओम साहू, तारणी कश्यप, रागिनी शर्मा, सीमा कश्यप, कृष्णा पवार, अन्नू शर्मा, मेघा तिवारी सहित अन्य मौजूद थे। संचालन भूपेंद्र निषाद ने किया।





### बालक और बालिकाओं ने राधा-कृष्ण का भेष धरा, लड्डू गोपाल को झुलाया



**भिलाई।** देवांगन समाज द्वारा परमेश्वरी भवन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। राधा-कृष्ण के भेष में नन्हें बालक और बालिकाएं नजर आए। भक्तों ने श्रीकृष्ण को 56 पकवानों का भोग लगाया। साथ ही लड्डू गोपाल को झूले में बैठाकर झुलाया। प्रगति नगर रिसाली में आयोजित इस कार्यक्रम में सामूहिक पूजा की गई। भक्तों ने अपने घरों से लाए हुए 56 पकवानों का भोग लगाया। उपस्थित भक्तों ने बारी-बारी से श्रीकृष्ण को झूला झुलाकर आनंद उठाया। समिति द्वारा इन बच्चों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर भक्ति संगीत से पूरा परिसर कृष्ण भक्ति से झूम उठा। पूजा के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, विनोद देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, त्रिलोक देवांगन, दिनेश देवांगन, टेसूराम देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, राजू देवांगन, जयश्री देवांगन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



## एजुकेशन इवेंट

### एनवायर्नमेंटल साइंस का उद्घाटन, डॉ. पटेल ने रखे विचार



- सेंट थॉमस कॉलेज में स्टूडेंट्स को होगी सुविधा
- पर्यावरण संरक्षण को लेकर हो सकेगा मंथन

**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा एसोसिएशन ऑफ कैमिकल एंड एनवायर्नमेंटल साइंसेज का उद्घाटन किया गया। आयोजित समारोह में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल प्रमुख रूप से शामिल हुए।

समग्र कार्यक्रम सेंट थॉमस कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एमजी रॉयमन, उप प्रधानाचार्य डॉ. जेम्स मैथ्यू और रसायन विज्ञान विभाग प्रमुख के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। स्वागत भाषण कार्यक्रम समन्वयक डॉ.चंदा वर्मा ने दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजमणि पटेल थे। इस अवसर पर एसीईएस के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई। रिया दत्ता शर्मा को अध्यक्ष, अंजलि विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष, लिपिका को सचिव और खुशी साहू को संयुक्त सचिव मनोनित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक डॉ. अरविंद कुमार साहू ने प्रस्तुत किया।

## बैठक में निर्णय...

### वरिष्ठ नागरिकों का सम्मेलन व सम्मान समारोह 30 सितंबर को



**वरिष्ठ नागरिक महासंत्र की प्रबंधकारिणी की बैठक में बनी सहमति**

**भिलाई ।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ की प्रबंधकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को रामशीला की कुटिया वृद्धाश्रम जुनवानी में हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष पुरूषोत्तम साहू ने की। बैठक में वरिष्ठ सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन, उपाध्यक्ष बलबीर सिंह सहगल, महासचिव गजानंद साहू, कोषाध्यक्ष एमएल कश्यप, संगठन सचिव जेआर साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में आगामी 30 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (1अक्टूबर) की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सियान सदनों में रहने वाले 75 वर्ष से ज्यादा उम्र वाले सभी वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में रामशीला वृद्धाश्रम के संचालक अजय कल्याणी का वृद्धजनों की सेवा करने एवं नशामुक्ति केन्द्र के माध्यम से युवाओं को नशामुक्त कराने में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ नागरिक महासंघ के द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में सभी वरिष्ठ नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय लेखक एवं वक्ता प्रेम रावत का मनुष्य को शांति कैसे मिले विषय पर केन्द्रित वीडियो दिखाया गया, जिसे सभी ने सराहा। बैठक का समापन सामूहिक राष्ट्रगान से हुआ।

## बीजेपी महिला मोर्चा का आयोजन

### तीज मिलन में मिनी इंडिया को दर्शाया महिलाओं ने



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने अग्रेसन भवन सेक्टर-6 में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया। आयोजन में देश के अलग-अलग प्रांतों की महिलाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों के परिधानों का प्रदर्शन किया। वे अपने पारंपरिक वेशभूषा में कार्यक्रम स्थल में पहुंची। साथ ही नृत्य की प्रस्तुति भी दी। आयोजन में बीजेपी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत भी शामिल हुईं। तीज मिलन में थीम अनेकता में एकता था। इसमें 10 मंडलों की महिला पदाधिकारियों और सदस्यों ने भिलाई को मिनी

**प्रदेशाध्यक्ष शालिनी भी हुईं शामिल**

इंडिया के रूप में प्रदर्शित किया। भारत के हर प्रांत को अपने-अपनी वेशभूषा और नृत्य द्वारा प्रदर्शित किया। आयोजन में अध्यक्ष महेश वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सरिता मिश्रा, अध्यक्ष स्वीटी कौशिक भी मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, रिकेश सेन, रमशीला साहू, भोजराज सिंहा उपस्थित रहे।

## धर्म लाइव

### जस सम्राट दुकालू यादव के गायन से झूमे माता के भक्त



**भिलाई।** मां शीतला युवा विकास समिति द्वारा इंदिरा नगर वार्ड क्र 16 शीतला मंदिर प्रांगण सुपेला में माता की भव्य महाआरती की गई। कुंवारी माता कातरो द्वारा महाआरती एवं छत्तीशगढ़ जस सम्राट दुकालू यादव द्वारा जस भजन की प्रस्तुति दी गई। दुकालू यादव के भजन पर भक्त झूमते नजर आए। आयोजक दीपक साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष इस प्रकार के आयोजन की तैयारी की जा रही है। आयोजन में आने वाले अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।



## सरयूपारीण ब्राह्मण महिला समाज का तीज मिलन समारोह

# कृष्ण लीलाओं का मंचन, भगवान के जन्म से लेकर रासलीला पर हुए अभिनय ने दर्शकों का मनमोहा

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सरयूपारीण ब्राह्मण महिला समाज द्वारा रंगारंग तीज मिलन समारोह मनाया गया। शिव अराधना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समाज की अध्यक्षा आरती दीवान, अर्चना चौबे, शैल पांडेय एवं दुर्ग अध्यक्षा संगीत शर्मा, रायपुर अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, भारती शर्मा, सरिता शर्मा की उपस्थित में यह कार्यक्रम हुआ। गणेश वंदना की प्रस्तुति आर्य तिवारी ने दी। दुर्ग एवं रायपुर से उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत सुहाग की सामग्री से किया गया। आरती दीवान ने कहा कि समारोह से हम सब एक साथ एकत्रित होकर अपनी संस्कृति एवं धर्म का निर्वहन करते हुए आने वाली युवा पीढ़ी को अवगत कराने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की माटी की महक की प्रस्तुति समूह नृत्य हुआ, जिसमें सरल दुबे, सीमा शर्मा, अपर्णा ने लोगों की काफी सराहना बटोरी। स्वीटी द्वारा एकल नृत्य का प्रदर्शन किया गया। युगल नृत्य में शोभा, रानी की टीम ने मनोहर प्रस्तुति दी। वर्षा शुक्ला एवं प्रीति तिवारी ने हास्य प्रस्तुतियां दी।



### कृष्ण लीलाओं पर आधारित नृत्य नाटिका

इस अवसर पर महिला समाज की कार्यकारिणी द्वारा कृष्ण की लीलाओं पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। इसमें कृष्ण जन्म से लेकर कंस के कारागार, माखन लीला, गोवर्धन पर्वत, कालिया नाग, गीता का ज्ञान एवं कृष्ण की रासलीला का प्रदर्शन किया गया। इसमें अर्चना चौबे, शैल पांडेय, आरती दीवान, अनीता चौबे, ज्योति वर्षा शुक्ला, सरिता शर्मा, सरला दुबे, बबली त्रिपाठी, श्वेता शुक्ला ने मंत्र मुक्त अभिनय किया। दर्शकों के लिए राधा दुबे द्वारा हाउजी गेम्स रखा गया। जिसमें महिलाओं ने बहुत रूचि ली। शक्ति मिश्रा द्वारा दर्शकों के लिए गेम्स रखे गए थे।

### प्रतिभागियों को उपहार देकर किया गया सम्मानित

कार्यक्रम का संचालन जयंती शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अनीता चौबे द्वारा किया गया। प्रस्तुति देने वाली प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन उपहार देकर किया गया। इस अवसर पर बबली त्रिपाठी, सुनीता शर्मा, मंजूषा शर्मा, वंदना शर्मा, स्वाति तिवारी, ज्योति शैली पांडे, अर्चना चौबे, सरल दुबे, सरिता मिश्रा, वर्षा शुक्ला, अनीता चौबे, श्वेता मिश्रा, मंजूषा शर्मा, जयंती शर्मा, कमल तिवारी, वंदना शर्मा, स्वाति तिवारी, ज्योति मल्टी, शेफाली, सीमा, अपर्णा, प्रीति, शोभा रानी, स्वीटी, सुषमा, शोभा शर्मा, सुनीता शर्मा, भारती आदि उपस्थित थे।



## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ के अनुज ने बनाए शानदार 114 रन



**रायपुर।** तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 15 अगस्त से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनीयर टीम का दूसरा मैच (27 से 30 अगस्त) नाथम, तमिलनाडु में बडौदा के विरुद्ध गुरुवार को खेला गया। तीसरे दिन के इस खेल में बडौदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बडौदा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 106.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 327 रन बनाये। बडौदा की ओर से निनाद ने शतक लगाते हुये षानदार 105 रन तथा विश्णु सोलंकी ने 52 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से गगनदीप सिंह ने 6 विकेट तथा वासुदेव बरेथ ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ अपनी पहली पारी में 136.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 427 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से अनुज तिवारी ने सर्वाधिक 114 रन बनाये तथा गगनदीप सिंह ने 77 रनो का योगदान दिया। अमनदीप खरे ने 66 रन तथा आयुश पांडे ने 52 रनों की महज्वपूर्ण पारी भी खेली। वही बडौदा की ओर से राज लिबांनी तथा भार्गव भट्ट ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक बडौदा ने अपनी दुसरी पारी में 2 ओवरों में बिना विकेट के 9 रन बना लिये हैं। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 91 रनों की बढत प्राप्त कर ली है।

### होमलेस वर्ल्ड कप फुटबॉल में हिस्सा लेने साउथ कोरिया जाएगी रायपुर की संजना



**रायपुर।** कटोरा तालाब रायपुर निवासी संजना छुरा का चयन आगामी 21 से 28 सितंबर तक साउथ कोरिया में होने वाले होमलेस वर्ल्ड कप फुटबॉल मैच में हुआ है। संजना की इस उपलब्धि से उत्कल समाज में हर्ष है। संजना छुरा बचपन से ही फुटबॉल खेल रही है जिसमें कई सारे राष्ट्रीय फुटबॉल मैचों में अपना बेहतर प्रदर्शन दिखा चुकी है। यही कारण है कि संजना का चयन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। क्रीड़ा विकास संस्थान नागपुर के सीईओ डॉ अभिजीत ने 22 अगस्त को संजना छुरा के नाम से पत्र जारी करते हुए चयन की जानकारी दी है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि सिर्फ एक परिवार या समाज का नहीं बल्कि इससे हमारे शहर, प्रदेश और देश का नाम भी रोशन हुआ है।

### मेजर ध्यानचंद के सम्मान में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने महान भारतीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के सम्मान में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। उद्घाटन समारोह में छात्र, संकाय सदस्य और खेल प्रेमी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए। इस कार्यक्रम में प्रति–कुलाधिपति हर्ष गौतम, कुलपति प्रो.एस.के. सिंह और रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। यूनिवर्सिटी में बैडमिंटन, कैरम और वॉलीबॉल, बास्केट बॉल, एथलेटिक्स, लेमन रेस, सेक रेस और रस्साकशी सहित विभिन्न खेल गतिविधियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें 300 से अधिक स्टूडेंट की भागीदारी रही। शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ सुमित कुमार तिवारी ने मेजर ध्यानंद की जीवनी से सभी को रूबरू कराया।

### पावर लिफ्टिंग में रेलवे की खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि



**रायपुर।** 50 वीं सीनियर राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 का आयोजन कोलकाता में 20 से 25 अगस्त तक किया गया। इस प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के चार खिलाड़ियों ने भारतीय रेलवे टीम का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें भारतीय रेलवे टीम की रेशमा देवी ने 69 किलोग्राम वर्ग में प्रथम, भारतीय रेलवे टीम की बिजिन सेनकी ने 83 किलोग्राम में द्वितीय और छत्तीसगढ़ राज्य टीम से ममता रजक ने 57 किलोग्राम में द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं भारतीय रेलवे टीम की जाह्नवी जगदीश 76 किलोग्राम वर्ग रिजर्व एथलीट के तौर पर रही। पश्चिम रेलवे खेल संघ द्वारा 71 वीं पुरुष एवं 10वीं महिला अखिल भारतीय रेलवे भारत्तोलन चैंपियनशिप का आयोजन 25 से 28 अगस्त तक महालक्ष्मी स्पोर्ट्स कंपलेक्स मुंबई में हुआ। जिसमें दक्षिण पूर्व रेलवे खेल संघ के दो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें रायपुर डिवीजन में टीसी/सीसी के पद पर कार्यरत वी. राजेश्वरी ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।

---

शारीरिक सेहत के साथ-साथ मानसिक सेहत पर भी असर डाल रहा काम का दबाव

# काम का दबाव दे रहा कई स्वास्थ्य समस्याएं, प्रभावित हो रही निजी जिंदगी

एक वक्त था, जब ऑफिस का काम ज्यादा होने के बाद भी वर्कलोड ज्यादा नहीं होता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि उस समय ऑफिस वर्क बस ऑफिस तक ही सीमित होता था। मगर कोरोना के बाद से आलम कुछ ऐसा है कि ऑफिस वर्क लोगों की शारीरिक सेहत के साथ-साथ मानसिक सेहत पर भी अत्यधिक असर डाल रहा है। पुरुष हो या महिला, दोनों की जिंदगी में काम का तनाव इतना ज्यादा बढ़ गया है कि उनकी निजी जिंदगी इससे प्रभावित होने लगी है। वे ऑफिस वर्क को मैनेज नहीं कर पा रहे हैं, जिसकी वजह से उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत, दोनों खराब हो रही हैं। दफ्तर की नौ घंटे की स्ट्रेसफुल टाइमिंग, बॉस का दबाव, मैनेजमेंट की मुश्किल, समय-सीमा, ग्राहक का फीडबैक आदि दिक्कतों की वजह से ऑफिस स्ट्रेस बढ़ता ही जा रहा है। इस वर्क स्ट्रेस की वजह से लोग कई तरह की शारीरिक और मानसिक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, जैसे कि तनाव, अवसाद, ब्लड प्रेशर की समस्या, डायबिटीज, मोटापा, थकान, नींद की कमी और दिल की बीमारियां आदि। दफ्तर में बढ़ते काम का दबाव युवाओं में तनाव की गंभीर समस्या को जन्म दे रहा है। इस तनाव की वजह से सोचने और समझने की क्षमता कम हो रही है। साथ ही कार्यक्षमता और रचनात्मकता भी कम हो रही है। आपको जब भी तनाव होता है तो आप चिड़चिड़ी-सी हो जाती हैं। किसी से बात करने का मन नहीं करता, घर वालों और दोस्तों से ढंग से बात भी नहीं हो पाती। दफ्तर में लंबे समय तक काम करना, रात की शिफ्ट में काम करना, काम का दबाव और हमेशा बढ़ती मांगों के कारण आप तनाव में आ जाती हैं। तनाव का स्तर एक सीमा से ज्यादा बढ़ जाने पर यह दिमाग और शरीर को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है, जो ठीक नहीं है। दफ्तर में तनाव बढ़ने के कई कारण हो सकते हैं, जिसका असर निजी जिंदगी पर दिखने लगता है। दफ्तर में बढ़ते तनाव के कारण कार्यक्षमता में कमी आ सकती है। पर्याप्त आराम न मिलने के कारण चीजों को लंबे समय तक याद रखने की क्षमता में गिरावट आती है और काम तथा व्यक्तिगत जीवन में संतुलन नहीं हो पाता है। इस वजह से परिवार के लिए समय न निकाल पाने के कारण आप मानसिक और शारीरिक, दोनों तरह से परेशान होने लगती हैं। आपको कामकाजी जीवन और निजी जीवन में संतुलन बनाना काफी मुश्किल हो जाता है, जिस कारण रिश्तों में तनाव पनपना लगता है।



### क्या कहते हैं शोध



बेंगलुरु की एक हेल्थकेयर कंपनी ने 'कर्मचारियों की भावनात्मक स्वास्थ्य स्थिति' विषय पर अपने ताजा सर्वे में पाया कि 21 से 30 साल के बीच के कर्मचारी सबसे ज्यादा तनावग्रस्त रहते हैं। पिछले महीने ही किए गए इस सर्वे में पांच हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें आईटी और विनिर्माण, परिवहन, स्टाफ भर्ती तकनीक, मीडिया, कानूनी सेवाओं, व्यवसाय परामर्श और अन्य सेवाओं के कई सेक्टर्स के कर्मचारी शामिल थे। सर्वे के अनुसार, तनावग्रस्त कर्मचारियों में दूसरे नंबर पर 30 से 40 वर्ष की आयु के लोग हैं और फिर 41-50 वर्ष की आयु के लोग हैं। सर्वे में यह भी पाया गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं को पुरुषों की तुलना में अधिक तनाव होता है। लगभग तीन-चौथाई या 72.2 प्रतिशत महिलाओं ने हाई टेंशन के बारे में बताया।

**कारणों की पहचान:** दफ्तर में कौन-सी स्थिति आपको तनाव में डालती है, इसे पहचानने की कोशिश करें। किस बात से स्ट्रेस ट्रिगर हो रहा है, उसे जानने का प्रयास करें। चाहें तो रोज घर आकर एक डायरी में अपने दिन भर के और दफ्तर के अनुभवों को लिखें। इससे आपको तनाव के कारण को पहचानने में मदद मिलेगी और आप उससे निपटने में सक्षम हो पाएंगी।

**सकारात्मक विचार:** एक बार आपको तनाव का कारण पता चल जाए तो उस स्थिति से कैसे निपटना है, इसके लिए नकारात्मक रास्ता चुनने की जगह उससे कैसे सकारात्मक तरीके से निपटा जाए, इस बारे में सोचें। उदाहरण के लिए, अगर दफ्तर में किसी साथी से झगड़ा हो जाता है तो अगले दिन जाकर उससे शांति से बात करें। दोनों इस पर चर्चा करें कि आखिर झगड़े की स्थिति क्यों बनी।

**ब्रेक तो बनता है:** काम करते-करते या मीटिंग के बीच में ब्रेक जरूर लें। कई बार हम काम को समय पर पूरा करने के चक्कर में ब्रेक लेना भूल जाते हैं, जिसकी वजह से हमें काफी परेशानी और तनाव होने लगता है। इसलिए जरूरी है खुद को ब्रेक देना। इससे मन और तन, दोनों शांत रहते हैं। आप चाहें तो इस बीच एक कॉफी पी सकती हैं या किसी सहकर्मी से बात कर सकती हैं। इससे दिमाग को थोड़ी देर के लिए शांति मिलेगी।

**पर्सनल और प्रोफेशनल:** :निजी और कामकाजी जीवन में संतुलन बनाना सीखें। दोनों के बीच में एक अंतर रखें। दोनों को समय दें, दोनों की प्राथमिकता तय करें। साथ ही रोजाना मेडिटेशन जरूर करें।

---



## रातों की नींद उड़ गई हैं तो अपनाएं देसी नुस्खे

तनाव या फिर अन्य कई वजहों से नींद आने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में आप इस देसी नुस्खे की मदद ले सकती हैं। हालांकि, अगर आपको नींद आने में ज्यादा परेशानी होती है, तो इसके पीछे का कारण जरूर जानें।

दिन भर के काम के बाद शरीर को रेस्ट देने और सही तरह के फंक्शन करने के लिए पूरी नींद बहुत जरूरी होती है। नींद पूरी न होने पर कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। सोते वक्त फोन चलाना, तनाव की वजह से करवटे बदलना या फिर और भी कई कारण हैं, जिनके चलते नींद आने में मुश्किल होकी है। नींद न आना केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक सेहत को भी खराब कर सकता है। शरीर को जब पूरा आराम नहीं मिल पाता है, तो डाइजेशन भी खराब हो जाता है और हम अपनी क्षमता के अनुसार, काम भी नहीं कर पाते हैं। अगर आपको भी नींद न आने की परेशानी है, तो यह नुस्खा आपकी मदद कर सकता है। इस तरह के कई नुस्खे, हर भारतीय घर में आजमाए जाते रहे हैं। इस नुस्खे के बारे में हमने डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट सिमरन कौर से भी बात की और उन्होंने भी इसे सटीक माना। आइए जानते हैं इस खास नुस्खे के बारे में।

### नींद आने के लिए देसी नुस्खा



अगर आप भी नींद न आने की समस्या से परेशान हैं, तो आपको इस देसी नुस्खे की मदद लेनी चाहिए। अच्छी नींद के लिए 2 हरी इलायची को गुनगुने पानी के साथ लें। इससे आपको नेचुरल तरीके से नींद आएगी।साथ ही, खर्राटों की समस्या भी दूर होगी। आपको रोजाना सोते वक्त ऐसा करना है। इलाचयी स्ट्रेस और एंग्जायटी को कम कर, नींद आने में मदद करती है। यह सोते समय मेटाबॉलिक रेट को भी बढ़ाती है, जिससे डाइजेशन सुधरता है।

### सोते वक्त पिएं इलायची दूध

अगर आप गुनगुने पानी के साथ इलायची (इलायची के फायदे) नहीं लेना चाहती हैं, तो सोते वक्त इसे एक ड्रिंक के तौर पर भी ले सकती हैं। 1 गिलास दूध में 2 इलायची डालकर उबालें और इसे छान लें। कुछ दिनों तक लगातार ऐसा करने से आपको नींद आने में मदद मिलेगी।

### नींद न आने के कारण

नींद न आने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें स्ट्रेस, एंग्जायटी, घबराहट या फिर स्लीप साइकिल का सही न होना शामिल है। कई बार रात को अधिक खाना खा लेने या फिर सोते वक्त चाय,कॉफी पीने से भी नींद आने में मुश्किल हो सकती है। अगर आपको लंबे समय से नींद न आने की समस्या है, तो आपको डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। ये किसी हेल्थ से जुड़ी परेशानी का संकेत भी हो सकता है।




---

## हथेली पर जब बनता है क्रास का निशान जान लीजिए इसके शुभ-अशुभ संकेत

व्यक्ति की हथेली में कई तरह के निशान, लकीरें और अलग-अलग आकृतियां बनी हुई होती हैं। हस्तरेखा ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हथेली पर बनी लकीरों के अध्ययन से व्यक्ति के स्वभाव और भविष्य के बारे में काफी कुछ जानकारियां हासिल की जाती है। हथेली पर बने ये निशान जहां व्यक्ति को भाग्यशाली बनाते हैं तो कुछ निशान को अशुभ भी माना जाता है। हथेली पर शुभ निशान बने होने पर व्यक्ति के जीवन में धन-दौलत की कोई भी कमी नहीं रहती है। व्यक्ति को सभी तरह के भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। आज हम आपको हथेली पर बने क्रास के निशान के बारे में बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं कहां-कहां हथेली पर बने क्रास के निशान शुभ माने जाते हैं।

### गुरु पर्वत पर क्रास का निशान




हथेली पर इंडेक्स फिंगर के नीचे बने उभार को गुरु पर्वत कहा जाता है। हस्तरेखा ज्योतिष के अनुसार अगर किसी व्यक्ति की हथेली पर बना गुरु पर्वत में उभार हो ओर उसके ऊपर क्रास का निशान हो तो इसे बहुत ही शुभ संकेत माना जाता है। ऐसे लोगों के जीवन में कभी भी भौतिक सुख की कमी नहीं होती है। ऐसे लोगों को समाज में अच्छा मान-सम्मान प्राप्त होता है और जीवन में तरक्की करते हैं। इस तरह के लोगों का वैवाहिक जीवन बहुत ही सुखमय तरीके से बीतता है।

### सूर्य पर्वत पर क्रास का निशान

सूर्य पर्वत बना क्रास का निशान भी शुभ माना जाता है। इससे व्यक्ति का समाज में बड़ा रुतबा होता है। इस तरह के लोग प्रशासनिक क्षेत्र में अपना परचम लहराते हैं। ऐसे लोगों के अंदर आत्मविश्वास बहुत अच्छे से भरा हुआ होता है

### शनि पर्वत पर क्रास का निशान

जिन लोगों की हथेली पर शनि पर्वत के ऊपर क्रास का निशान बना हुआ होता उसे शुभ नहीं माना जाता है। शनि पर्वत मध्यमा अंगुली के नीचे बना हुआ होता है। इस जगह पर क्रास का निशान होने पर व्यक्ति की हमेशा लड़ाई और झगड़े चलते रहते हैं।

---

## फेंगशुई के ये उपाय आपको दिला सकते हैं करियर में अपार सफलता





बिजनेस में नुकसान, नौकरी न लगाना या पैसा नहीं टिकना, ये सब वास्तु दोष का कारण है। आपके घर और ऑफिस की फेंगशुई आपके करियर को भी प्रभावित करती है। वास्तु शास्त्र व फेंगशुरू में सफलता और धनवान बनने के उपाय बताए गए हैं।

कार्यस्थल पर, कुछ लोग बिना किसी शिकायत के कठिनाइयों को झेलते हैं और कई वर्षों तक संघर्ष करते हैं लेकिन उन्हें कभी पदोन्नति या वेतन वृद्धि नहीं मिलती। इसके विपरीत, कार्यस्थल पर कुछ लोग अपने करियर में तेजी से फलते-फूलते हैं। दरअसल, इसमें काबिलियत और फेंगशुई दोनों का हाथ माना जा सकता है। बिजनेस में नुकसान, नौकरी न लगाना या पैसा नहीं टिकना, ये सब वास्तु दोष का कारण है। आपके घर और ऑफिस की फेंगशुई आपके करियर को भी प्रभावित करती है। वास्तु शास्त्र व फेंगशुरू में सफलता और धनवान बनने के उपाय बताए गए हैं। इन सरल उपायों से साधक की आमदनी बढ़ती है।यदि आप भी करियर में तरक्की चाहते हैं तो इन फेंगशुई टिप्स को ज़रूर आजमाएं।

यदि आप अपने कार्यालय की मेज के दाईं ओर हर तरह की चीज़ें जमा करते हैं, तो आपके सभी कार्य अवरुद्ध हो जाएंगे। करियर के लिए अपने भाग्य को बेहतर बनाने के लिए, आप कुछ भी, विशेष रूप से कचरे के डिब्बे को दाहिनी ओर न रखें। यदि आप अपने सहयोगी के साथ आमने-सामने बैठते हैं, तो आप एक-दूसरे के क्यूई क्षेत्र का उपभोग करेंगे और यह पारस्परिक असहमति भी पैदा करेगा, और अंत में सफलता और धन के लिए आपके भाग्य को प्रभावित करेगा। इसीलिए यदि आप आमने सामने बैठते भी है तो बीच में इतना गैप होना ज़रूरी है।

यदि आपके कार्यालय की मेज पर कोई भारी वस्तु है, तो आपके पद और करियर के लिए भाग्य प्रभावित होगा। इसीलिए उसको अपने मेज से हटा दें।

---

कार्नर न्यूज

एआईटीए सीएसटीए ऑल इंडिया चैंपियनशिप सीरीज जारी

# पोहाने, लव, इशा और अनिका फाइनल में पहुंचे, शानदार प्रदर्शन किया खिलाड़ियों ने

**रायपुर।** भिलाई टेनिस कॉम्प्लेक्स में चल रहे एआईटीए सीएसटीए ऑल इंडिया चैंपियनशिप सीरीज सीएस 7 अंडर-12 और अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट 2024 के चौथे दिन गुरुवार को सेमीफाइनल मुकाबलों में दर्शकों को शानदार खेल देखने मिला। एक से बढ़कर एक युवा टेनिस प्रतिभाओं ने फाइनल में जगह बनाने के लिए जबरदस्त प्रदर्शन किया।

बालक एकल अंडर-14 श्रेणी में महाराष्ट्र के हेरंब पोहाने ने मध्य प्रदेश के हितार्थ सुराना के खिलाफ कठिन चुनौती का सामना किया। तीन सेटों के बाद, पोहाने ने 6-3, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की और फाइनल में अपनी जगह पक्की की। उनके साथ महाराष्ट्र के लव परदेशी भी फाइनल में पहुंचे, जिन्होंने असम के ईशांदीप बोरो को 6-3, 6-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

बालिका एकल अंडर-14 सेमीफाइनल भी उतने ही रोमांचक रहे। छत्तीसगढ़ की इशा शर्मा ने महाराष्ट्र की समायरा ठाकुर को 6-1, 6-0 से हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। दूसरे सेमीफाइनल में, महाराष्ट्र की अनिका नायर ने अपनी राज्य की साथी हर्षा देशपांडे को कड़े मुकाबले में 6-2, 4-6, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

बालकों के एकल अंडर-12 श्रेणी में, असम के ईशांदीप बोरो ने आंध्र प्रदेश के रेवंथ ऋषि पेंटाकोटा को 6-1, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट में अपना दूसरा फाइनल स्पॉट हासिल किया। महाराष्ट्र के लव परदेशी ने अपनी जीत की लय को जारी रखते हुए उड़ीसा के सूर्या नाइक को 6-2, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।




बालिकाओं के एकल अंडर--12 सेमीफाइनल में दिन के सबसे कड़े मुकाबले देखने को मिले। महाराष्ट्र की जान्हवी सावंत ने कर्नाटक की अनिशा मेरियन कॉर्नेलियो को तीन सेटों के रोमांचक मैच में 6-3, 5-7, 6-4 से हराया। दूसरे मैच में, महाराष्ट्र की हर्षा देशपांडे ने पहला सेट हारने के बाद असम की क्रिस्टी हलोई को 4-6, 6-4, 6-1 से हराकर शानदार वापसी की।

### युगल में क्रिस्टी-साईं और बंग-वेद फाइनल में



बालिकाओं के युगल अंडर--14 सेमीफाइनल में, असम की क्रिस्टी हलोई और उड़ीसा की साई रूपी मोहंती की टीम ने महाराष्ट्र की इंसियाह कमल और श्राव्या रामभजनी की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-3, 6-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। बालकों के युगल अंडर-12 सेमीफाइनल दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला साबित हुआ। महाराष्ट्र की जोड़ी, अरिंजय बंग और वेद परदेशी, ने मध्य प्रदेश के विहान नवाब और छत्तीसगढ़ के एकलव्य राजपूत को शानदार वापसी करते हुए हराया। पहला सेट 2-6 से हारने के बाद, बंग और परदेशी ने दूसरा सेट 6-2 से जीता और निर्णायक मैच टाईब्रेक 16-14 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। जैसे-जैसे टूर्नामेंट अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है, उत्सुकता अपने चरम पर है। एआईटीए सीएसटीए ऑल इंडिया चैंपियनशिप सीरीज सीएस 7 अंडर-12 और अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट 2024 ने एक बार फिर भारत की उभरती हुई टेनिस प्रतिभाओं का अद्भुत प्रदर्शन प्रस्तुत किया है, और फाइनल में और भी शानदार टेनिस देखने की उम्मीद है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## भारतीय दर्शकों के लिए समय से पहले दस्तक देगी 'जोकर फोली ए ड्यूक्स'



टॉड फिलिप्स के निर्देशन में बनी फिल्म 'जोकर' ने दुनियाभर के सिनेमाघरों में कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े थे। अब इसके सीक्वल 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' की रिलीज का वैश्विक स्तर पर इंतजार हो रहा है। निर्माताओं ने प्रशंसकों को एक और बड़ा तोहफा दे दिया है। फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में अपने तय समय से पहले दस्तक देने जा रही है। 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' का भारतीय प्रीमियर इसके अंतरराष्ट्रीय रिलीज से दो दिन पहले बुधवार 2 अक्तूबर, 2024 को होगा। टॉड फिलिप्स आगामी साइको थ्रिलर का निर्देशन कर रहे हैं, जबकि स्कॉट सिल्वर ने इसकी पटकथा लिखी है। डीसी कॉमिक्स के किरदारों पर आधारित यह फिल्म साल 2019 के 'जोकर' का अगला भाग है। इसमें जोकिन फीनिक्स को फिर से जोकर के रूप में दिखाया गया है। वहीं, लेडी गागाउनकी प्रेमिका हार्ले क्विन के किरदार में है। ब्रेंडन ग्लीसन और कैथरीन कीनर के अलावा, जाजी बीट्ज भी अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' का निर्माण वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स, डीसी स्टूडियोज और ज्वाइंट एफर्ट के बैनर तले हुआ है। जानकारी हो कि 'जोकर' ने 92वें अकादमी पुरस्कारों में सबसे ज्यादा 11 नामांकन हासिल किए थे और जॉकिन को पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता कैटेगरी में ऑस्कर मिला था। 'जोकर' एक मानसिक रूप से बीमार कॉमेडियन आर्थर फ्लेक की कहानी है जिसकी पेशेवर और निजी जिंदगी की दुर्घटनाएं उसे जुर्म की दुनिया में धकेल देती हैं। फिल्म में हिंसा के बहुत भयानक सीन हैं।

### टॉलीवुड

## 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' के भव्य रिलीज की कोशिशें तेज



द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम 5 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में विजय डबल रोल में नजर आने वाले हैं। वेंकट प्रभु के निर्देशन में बनी इस फिल्म को भव्य तरीके से रिलीज करने की जोर शोर से तैयारियां चल रही है। द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वेंकट प्रभु के निर्देशन में बनी यह एक मेगा-बजट साइंस-फिक्शन एक्शन ड्रामा फिल्म है। इससे पहले आई उनकी फिल्म कस्टडी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी, लेकिन इस फिल्म से निर्देशक को काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। तमिल संस्करण में फिल्म का कारोबार शानदार रहने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, फिल्म के निर्माता हिंदी भाषी दर्शकों को भी ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी बरत रहे हैं। हाल ही में जब इस फिल्म का हिंदी ट्रेलर जारी किया गया था, तब लोगों को विजय के लिए की गई डबिंग पसंद नहीं आई, जिसके बाद निर्माताओं ने तुरंत संकेत म्हात्रे को इस प्रोजेक्ट में शामिल किया। इस बीच फिल्म को लेकर एक ताजा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की निर्माताओं में से एक, अर्चना कल्पती इन दिनों मुंबई में हैं। वह उत्तर भारत में फिल्म के भव्य रिलीज के लिए मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रमुख लोगों के साथ चर्चा कर रही हैं। बताया जा रहा है कि प्रोडक्शन हाउस विजय के करियर की सबसे बड़ी रिलीज देने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है। फिल्म में मीनाक्षी चौधरी भी मुख्य भूमिका में हैं। इसमें विजय पिता और बेटे के रोल में नजर आएंगे। द गोट 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### छॉलीवुड

## दो भाइयों की कहानी 'संघर्ष एक जंग' दर्शकों को देखने मिलेगी आज से



छत्तीसगढ़ी फिल्म संघर्ष एक जंग 30 अगस्त को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में दो भाइयों की कहानी को दिखाया गया है। एक भाई विलन तो दूसरा हीरो बनता है। फिल्म में इन दोनों का अंतरद्वंद दिखाया गया है। निर्देशक रतन कुमार ने बताया, मैंने उडिय़ा इंडस्ट्री में काम किया है। कुछ सीजी फिल्मों में छोटा-मोटा काम किया हूं लेकिन बतौर निर्देशक यह मेरी पहली फिल्म है। मुझे इस फिल्म से बहुत उम्मीद है। फिल्म में हर्ष चंद्रा लीड रोल में नजर आएंगे। उन्होंने दुल्हन वही जउन पिया मन भाए से साइड रोल के तौर पर डेब्यू किया था, अब फूलफ्लैश हीरो बनकर उभरे हैं। इसी तरह अजय पटेल ने दमदार खलनायक की भूमिका निभाई है। दोनों के एक्शन सीन बहुत शानदार तरीके से फिल्माए गए हैं। फिल्म में संतोष सम्राट तिवारी अभिनेता के तौर पर दिखाई देंगे। उन्होंने बताया कि वे अब तक तीन बार पुलिस की नौकरी छोड़ चुके हैं। उनका मानना है कि मैं किसी के अंडर में काम नहीं कर सकता और न ही किसी को अपने अंडर में रखकर काम लेता हूं। मैं सहज और सरल तरीके जीवन जीने वाला व्यक्ति हूं। मुझे अभिनय में रुचि भी इसलिए कर रहा हूं। अजय पटेल ने बताया, फिल्म के एक्शन सीन बिना सुरक्षा के फिल्माए गए हैं। फाइट मास्टर को जल्दी जाना था, समय कम था इसलिए जल्दबाजी में एक्शन सीन किया गया। बिना गद्दे के शूटिंग के कारण आज तक घुटने में दर्द है।

### नकल से बच के

लाइफ स्टाइल



बिल्कुल असली नजर आ रही तमाम मॉडल्स दरअसल नकली है। लंदन फैशन वीक से पहले डिजीटल स्वरूप में मॉडल की यह तस्वीर आर्टिफिशियल इंटैलिजेंट्स (एआई) की मदद से बनाई गई है। दरअसल, इस तस्वीर को देखकर कई लोगों को धोखा हुआ है हालांकि आयोजकों की तरफ से साफ कर दिया गया है कि यह एआई की ईजाद है।

## हर आउटफिट के साथ खूबसूरत लगेंगे ये हेयरस्टाइल

महिलाओं को अपने आउटफिट के साथ अच्छा हेयर स्टाइल बनाने की जरूरत हर अवसर पर होती है। ये आपके लुक को कंप्लीट करेगा साथ ही खूबसूरत दिखाता है। इसलिए ऐसे अवसर पर कुछ खास हेयर स्टाइल के बारे में आपको जानना चाहिए।

### स्लीक हेयर स्टाइल

अगर आप अपने लुक को क्लासी रखना चाहती हैं तो इसके लिए आप स्लीक हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके का लुक काफी सिंपल होता है लेकिन लगता अच्छा है। इसे आप सूट, साड़ी और वेस्टर्न वियर के साथ बना सकती हैं। आपको इसे बनाने के लिए पहले अपने बालों को स्ट्रेटनिंग मशीन से सीधा करना होगा।

इसके बाद आगे के बालों को पिन की मदद से कान के पीछे सेट करना है। फिर आप चाहे तो इसमें कोई एक्सेसरीज भी एड कर सकती हैं वरना बिना इसके भी सिंपल इसे रख सकती हैं। इस तरीके का हेयर स्टाइल बनाने में आपको समय भी कम लगेगा और आप खूबसूरत भी लगेंगी।





### ट्विस्टेड ब्रेड बन हेयर स्टाइल

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें बालों को खुला रखना पसंद नहीं होता है ऐसे में आप साइड ब्रेड के साथ बन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के हेयर स्टाइल (क्लासी लुक के लिए 3 इजी हेयर स्टाइल) लंबे बालों में काफी अच्छे लगते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अपने बालों को कॉम्ब करें। फिर दो हिस्सों में इन्हें बांटे। अब दोनों साइड ब्रेड बनाएं और पिन की मदद से पीछे बालों में सेट करें। अब बचे हुए बालों में जुड़ा बनाएं। इसके बाद बॉबी पिन से उसे सेट करें। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। इसे आप किसी भी आउटफिट के साथ बना सकती हैं।

## अपने लुक को खास बनाने के लिए करें वाइट कुर्ती को स्टाइल




व्हाइट कलर की कुर्ती को स्टाइल करने के लिए आपको सबसे पहले अपने बॉडी टाइप को समझना जरूरी होता है और इसे स्टाइल करने के लिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना चाहिए। कुर्ती पहनना हम सभी को पसंद होता है और इसके कई डिजाइन भी आपको ऑनलाइन आसानी से मिल जाएंगे। वहीं बहुत से खास मौके पर अक्सर हम व्हाइट कलर की कुर्ती को पहनना पसंद करते हैं। इसे स्टाइल करने के कई तरीके होते हैं, जो आपको एक दूसरे से काफी अलग लुक देने में मदद करते हैं। ऐसे खास मौके पर व्हाइट कुर्ती के कुछ स्टाइलिश डिजाइंस के साथ जानिए कि आप किस तरह से इसे अलग-अलग स्टाइल कर सकती हैं और अपने सिंपल से लुक को और भी ज्यादा आकर्षक बना सकती हैं।



### स्लिट कट कुर्ती

कुर्ती के लिए इंडो-वेस्टर्न डिजाइन ढूंढ रही हैं तो इस तरह का स्टाइलिश स्लिट कट कुर्ती डिजाइन आपके लुक को खास बनाने में मदद कर सकता है। इस तरह की कुर्ती आपको मार्केट में लगभग 300 रुपये से लेकर 500 रुपये के बीच आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की कुर्ती के साथ आप रिप्ड जीन्स को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही ट्राइकलर के इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।

### पेप्लम कुर्ती

आजकल पेप्लम कुर्ती का चलन काफी बढ़ गया है। इस तरह की कुर्ती आपको मार्केट में लगभग 200 रुपये से लेकर 700 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की कुर्ती को आप अपनी लेंथ के हिसाब से कस्टमाइज भी करवा सकती हैं। इस कुर्ती को आप वेस्टर्न लुक देने के लिए जीन्स के साथ स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इसके साथ आपको मैचिंग  डिजाइन वाला शरारा भी आसानी से मिल जाएगा।

### प्लेन कुर्ती सेट


प्लेन कुर्ती सेट आजकल काफी चलन में नजर आ रहा है। इसमें आप कुर्ती के लिए स्लीवलेस डिजाइन बनवा सकती हैं। इस तरह का प्लेन लुक आपको मार्केट में लगभग 1000 रुपये से लेकर 1200 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ आप ट्राइकलर दुपट्टे को स्टाइल कर सकती हैं।

## ट्राई करें आई मेकअप लुक, लोग करेंगे आपकी खूबसूरती की तारीफ

खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं अपने आउटफिट के साथ आई मेकअप लुक ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप अलग-अलग तरीके के आई मेकअप कर सकती हैं। इससे आप त्योहार के दिन बेहद खूबसूरत लगेंगी। आप भी यहां बताए गए मेकअप लुक को ट्राई कर सकती हैं। साड़ी हो या फिर सूट हर किसी के साथ ये काफी अच्छे लगेंगे।

### गोल्डन स्मोकी आई मेकअप लुक

अगर आप डार्क शेड वाली साड़ी या फिर सूट वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप गोल्डन स्मोकी आई मेकअप लुक ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के लुक के लिए सबसे पहले आपको अपनी आंखों पर कंसीलर लगाना है। फिर इसपर लाइट पिंक कलर लगाना है। इसके बाद इसे अपनी आंखों पर स्मज करें। इसपर गोल्डन कलर लगाएं फिर इसमें थोड़ा सा ब्लैक कलर एड करें। फिर इसे अच्छा स्मज करें। अब आंखों पर लाइनर लगाएं और आईलैशेज लगाकर अपने लुक को कंप्लीट करें। इस तरीके से आपका हरियाली तीज लुक क्रिएट हो जाएगा।



### न्यूड आई मेकअप लुक

इस हरियाली तीज पर अगर आप सिंपल लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए न्यूड आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं। इस लुक को क्रिएट करने के लिए आपको सबसे पहले आंखों पर कंसीलर लगाना है। फिर इसपर कोई भी न्यूट्रल शेड लगाना है और अच्छे से स्मज करना है। इसके बाद इसमें आप शिमर को भी लगा सकती हैं वरना इसे ऐसे ही सिंपल छोड़ सकती हैं। अब इसमें लाइनर लगाएं और इस लुक को कंप्लीट करें।

## केले के छिलकों से बढ़ाएं पैरों की खूबसूरती

मानसून में अक्सर हाथ-पैरों में ड्राइनेस होने लगती है। मौसम भले ही चिपचिपा हो, लेकिन अगर स्किन को मॉइश्चराइज न किया जाए तो त्वचा पर प्रभाव दिखने लगता है। चलिए आज आपको बताएं एक ऐसा नुस्खा, तो पैरों को ड्राई नहीं होने देगा।

क्या आप भी अपनी फेवरेट हील्स नहीं पहन पा रही हैं? जब त्वचा ड्राई होने लगती है, तो फटने लगती है। हम अक्सर उन्हें मॉइश्चराइज करना नजरअंदाज कर देते हैं और फिर धीरे-धीरे पैर खराब होने लगते हैं। ऐसा नहीं है कि त्वचा ड्राई सिर्फ सर्दियों में होती है।

केले के छिलके अमीनो एसिड और विटामिन-ए, बी, सी और ई से भरपूर होते हैं, जो ड्राई और खुजली वाली त्वचा पर अद्भुत काम करते हैं। चलिए आपको बताएं कि आप पैरों की देखभाल के लिए केले के छिलके का इस्तेमाल कैसे कर सकती हैं।

### ड्राई स्किन हटाने के लिए केले के छिलके से करें पैरों को स्क्रब

जैसा कि हमने बताया कि केले में अमीनो एसिड और विटामिन्स होते हैं और यही कारण है कि छिलका रूखी त्वचा को मुलायम बनाने में मदद कर सकता है। केले में पोटैशियम भी होता है, जो इसे एक बेहतरीन मॉइश्चराइजर बनाता है।



### इस तरह करें उपाय

सबसे पहले एक बाल्टी में शैंपू और गर्म पानी डालकर घोल लें। इसमें पैरों को डालकर 10 मिनट तक रखें। इसके बाद प्यूमिक स्टोन से अपने पैर रगड़ लें। इससे डेड स्किन निकल जाएगी फिर पैरों को साफ करें। अब पैरों को सुखा लें और केले के छिलकों को एड़ियों पर अच्छी तरह से रगड़ लें। 10-15 मिनट ऐसे ही रहने दें और उसके बाद साफ टिश्यू से पैर पोंछ लें।

शहद को एक प्राकृतिक एंटीसेप्टिक माना जाता है जो फटे पैरों को ठीक करने में मदद कर सकता है। यह एक अच्छा हुमेक्टैंट भी है जो त्वचा को नमी प्रदान करता है और त्वचा को ड्राई होने से बचाता है।

कार्नर न्यूज

### मेकअप प्रोडक्ट आपकी त्वचा पर कैसा असर डालते हैं, यह जांच जरूरी

## कॉस्मेटिक्स खरीदते समय रखें इन बातों का ध्यान

*आजकल फैशन और मेकअप के मामले हर महिला आगे रहना चाहती है। इसके लिए वो हर तरह के मेकअप प्रोडक्ट भी इस्तेमाल करती है। बाजार में भी तरह-तरह के मेकअप प्रोडक्ट मिलते हैं लेकिन जरूरी नहीं हर प्रोडक्ट आपके लिए ही बना हो। इसलिए जरूरी है कि जब भी मेकअप के सामान आप खरीदें तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। तो चलिए जानें क्या हैं वो जरूरी बातें जिनका हर मेकअप लवर को ध्यान रखना चाहिए।*

### अपनी त्वचा का प्रकार जानें

सबकी स्किन अलग-अलग प्रकार की होती है। अलग-अलग त्वचा की जरूरतें भी अलग होती हैं। आमतौर पर नॉर्मल, ड्राय, ऑयली और मिली-जुली इस तरह के स्किन टाइप्स होते हैं। कॉस्मेटिक्स खरीदने से पहले कुछ समय निकालें और अपनी त्वचा का प्रकार पता लगाएं। इससे आपकी खरीदारी आसान हो जाएगी। जैसे अगर आप फाउंडेशन खरीदने जा रही हैं और आपकी स्किन टाइप ऑयली है तो आपको ऐसा फाउंडेशन खरीदना होगा, जो आपकी त्वचा पर बहुत ज्यादा भारी न हो।




### आपको होनी चाहिए स्किन टोन की जानकारी

स्किन टाइप की तरह ही स्किन टोन की सही जानकारी भी बेहद जरूरी है। तीन मुख्य प्रकार के स्किन टोन्स होते हैं कूल, वॉर्म और न्यूट्रल। अपना स्किन टोन पता करने के लिए अपनी कलाई की नसों पर ध्यान दें। अगर आपकी नसें ब्लू हों तो स्किन टोन कूल है। अगर वे ग्रीन हों तो स्किन टोन वॉर्म है। अगर आपको समझ न आ रहा हो कि वे ब्लू हैं या ग्रीन तो आपकी स्किन टोन न्यूट्रल है।

### इन्ग्रीडिएंट्स चेक करें

जिस तरह खाने-पीने की चीजें खरीदने से पहले आप इन्ग्रीडिएंट्स देखें। उसी तरह मेकअप प्रॉडक्ट्स खरीदने से पहले इन्ग्रीडिएंट्स पर नजर डालने की आदत डालें। हो सकता है इसमें कोई ऐसी चीज हो, जो आपकी त्वचा को सूट न करती हो या आपको किसी इनग्रीडिएंट से एलर्जी हो। अगर आप इन्ग्रीडिएंट्स की सूची पढ़ने की आदत डालेंगी तो इस तरह की समस्या से बच सकेंगी।

